क्रमांक **10600**

| विषय कोड | पुस्तिका कोड |
| --- | --- |
| **3** | **A** |

**H**

# 2018 (I)
# जीव विज्ञान
## प्रश्न पत्र

*समय : 3:00 घंटे* *पूर्णांक : 200 अंक*

## अनुदेश

1. आपने हिन्दी को माध्यम चुना है । इस परीक्षा पुस्तिका में एक सौ पैंतालीस (20 भाग 'A' में + 50 भाग 'B' में + 75 भाग 'C' में) बहुल विकल्प प्रश्न (MCQ) दिए गए हैं । आपको भाग 'A' में से अधिकतम 15 और भाग 'B' में 35 प्रश्नों तथा भाग 'C' में से 25 प्रश्नों के उत्तर देने हैं । यदि निर्धारित से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए गए तो केवल भाग 'A' से 15, भाग 'B' से 35 तथा भाग 'C' से 25 पहले उत्तरों की जांच की जाएगी ।
2. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक अलग से दिया गया है । अपना रोल नम्बर और केन्द्र का नाम लिखने से पहले यह जांच लीजिए कि पुस्तिका में पृष्ठ पूरे और सही हैं तथा कहीं से कटे–फटे नहीं हैं । यदि ऐसा है तो आप इन्विजीलेटर से उसी कोड की पुस्तिका बदलने का निवेदन कर सकते हैं । इसी तरह से ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को भी जांच लें । इस पुस्तिका में रफ काम करने के लिए अतिरिक्त पन्ने संलग्न हैं ।
3. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पृष्ठ 1 में दिए गए स्थान पर अपना रोल नम्बर, नाम तथा इस परीक्षा पुस्तिका का क्रमांक लिखिए, साथ ही अपना हस्ताक्षर भी अवश्य करें ।
4. आप अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में रोल नंबर, विषय कोड, पुस्तिका कोड और केन्द्र कोड से संबंधित समुचित वृतों को काले बॉल पेन से अवश्य काला करें। यह एक मात्र परीक्षार्थी की जिम्मेदारी है कि वह ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देशों का पूरी सावधानी से पालन करें, ऐसा न करने पर कम्प्यूटर विवरणों का सही तरीके से अकूटित नहीं कर पाएगा, जिससे अंततः आपको हानि, जिसमें आपकी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अस्वीकृति भी शामिल है, हो सकती है ।
5. भाग 'A' तथा 'B' में प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक और भाग 'C' में प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। भाग 'A' तथा 'B' में प्रत्येक गलत उत्तर का ऋणात्मक मूल्यांक @ 0.50 अंक तथा भाग 'C' में @ 1 अंक किया जाएगा।
6. प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक विकल्प ही "सही" अथवा "सर्वोत्तम हल" है । आपको प्रत्येक प्रश्न का सही अथवा सर्वोत्तम हल ढूंढना है ।
7. नकल करते हुए या अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हुए पाए जाने वाले परीक्षार्थियों का इस और अन्य भावी परीक्षाओं के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है ।
8. परीक्षार्थी को उत्तर या रफ पन्नों के अतिरिक्त कहीं और कुछ भी नहीं लिखना चाहिए ।
9. केलकूलेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
10. परीक्षा समाप्ति पर छिद्र बिन्दु चिन्हित स्थान से **OMR** उत्तर पत्रक को विभाजित करें। इन्विजीलेटर को मूल **OMR** उत्तर पत्रक सौंपने के पश्चात आप इसकी कॉर्बनलैस प्रतिलिपि ले जा सकते हैं।
11. हिन्दी माध्यम/संस्करण के प्रश्न में विसंगति होने/पाये जाने पर अंग्रेजी संस्करण प्रमाणिक होगा ।
12. केवल परीक्षा की पूरी अवधि तक बैठने वाले परीक्षार्थी को ही परीक्षा पुस्तिका साथ ले जाने की अनुमति दी जाएगी ।

रोल नंबर : ..............................

नाम ..........................................

परीक्षार्थी द्वारा भरी गई जानकारी को मैं सत्यापित करता हूँ

..............................

इन्विजीलेटर के हस्ताक्षर

3-A-H

FOR ROUGH WORK

# भाग\PART 'A'

1. 100 मीटर के एक दौड़ में B को A 10 मीटर से हराता है। C को B 5 मीटर से हराता है। C को A कितने मीटर से हराता है?

| | |
|---|---|
| 1. 15.0 m | 2. 5.5 m |
| 3. 10.5 m | 4. 14.5 m |

1. In a 100 m race A beats B by 10 m B beats C by 5 m By how many meters does A beat C?

| | |
|---|---|
| 1. 15.0 m | 2. 5.5 m |
| 3. 10.5 m | 4. 14.5 m |

2. मानें कि (i) "A*B" का मतलब है B" का पिता "A है, (ii) "A Δ B" का मतलब है B" का पति "A है, (iii) "A ∇ B" का मतलब है B" की पत्नी "A है तथा (iv) "A □ B", का मतलब है B" की बहन "A है। तो निम्न में से कौन-सा D" की बहन का ससुर "C है, का प्रतिनिधित्व करता है?

| | |
|---|---|
| 1. C ∇ E * F □ D | 2. C * E ∇ F □ D |
| 3. C Δ E * F □ D | 4. C * E Δ F □ D |

2. Suppose (i) "A*B" means "A is the father of B", (ii) "A Δ B" means "A is the husband of B", (iii) "A ∇ B" means "A is the wife of B" and (iv) "A □ B", means "A is the sister of B". Which of the following represents "C is the father-in-law of the sister of D"?

| | |
|---|---|
| 1. C ∇ E * F □ D | 2. C * E ∇ F □ D |
| 3. C Δ E * F □ D | 4. C * E Δ F □ D |

3. 11 लोगों के एक समूह में प्रत्येक अन्य लोगों से मात्र एक ही बार हाथ मिलाता है। ऐसे हाथ मिलापों की कुल संख्या क्या है?

| | |
|---|---|
| 1. 110 | 2. 121 |
| 3. 55 | 4. 66 |

3. In a group of 11 persons, each shakes hand with every other once and only once. What is the total number of such handshakes?

| | |
|---|---|
| 1. 110 | 2. 121 |
| 3. 55 | 4. 66 |

4. चित्र में दो दर्पणों के बीच एक प्रकाश किरण का पथ दर्शाया गया है। यदि हर दर्पण की लंबाई '$\ell$' है, दोनों के बीच किरण की कुल पथ-लंबाई क्या है?




| | |
|---|---|
| 1. $\frac{3}{4}\ell$ | 2. $\frac{4}{3}\ell$ |
| 3. $\frac{3}{2}\ell$ | 4. $2\ell$ |

4. Path of a ray of light between two mirrors is shown in the diagram. If the length of each mirror is '$\ell$', what is the total path length of the ray between the mirrors?




| | |
|---|---|
| 1. $\frac{3}{4}\ell$ | 2. $\frac{4}{3}\ell$ |
| 3. $\frac{3}{2}\ell$ | 4. $2\ell$ |

5. $(1+3+5+7+......+4033) + 7983 \times 2017$ का मान क्या है?

| | |
|---|---|
| 1. 20170000 | 2. 20172017 |
| 3. 20171720 | 4. 20172020 |

5. What is the value of $(1+3+5+7+......+4033) + 7983 \times 2017$?

| | |
|---|---|
| 1. 20170000 | 2. 20172017 |
| 3. 20171720 | 4. 20172020 |

6. $(2017)^{2017}$ का अन्तिम अंक क्या है?

| | |
|---|---|
| 1. 1 | 2. 3 |
| 3. 7 | 4. 9 |

6. What is the last digit of $(2017)^{2017}$?

| | |
|---|---|
| 1. 1 | 2. 3 |
| 3. 7 | 4. 9 |

7. सही कथन को पहचानें:
   1. आसमान नीला इसलिए है कि सर सी.वी.रमन ने उसकी सही व्याख्या की है।
   2. कोपर्निकस मानता था कि सूर्य, न कि पृथ्वी, सौर मंडल के केंद्र में था।

3. चांद पर से देखने पर आसमान नीला दीखता है।
4. चांद पर खड़े एक अंतरिक्ष यात्री को सूर्य-ग्रहण नज़र नहीं आता है।

**7.** Pick the correct statement:
1. The sky is blue because Sir C.V. Raman gave the correct explanation.
2. Copernicus believed that the Sun, and not the Earth, was at the centre of the Solar system.
3. The sky appears blue when seen from the Moon.
4. No solar eclipse is visible for an astronaut standing on the Moon.

**8.** एक पुस्तकालयाध्यक्ष एक तेरह-भाग वाले विश्वकोश को एक शेल्फ पर बायें से दायें इस क्रम पर रखता है: 8, 11, 5, 4, 9, 1, 7, 6, 10, 3, 12, 2. इस पैटर्न में तेरहवां भाग कहां पर रखा जायेगा?
1. बायेंतम
2. दायेंतम
3. 3 तथा 10 के बीच
4. 1 तथा 9 के बीच

**8.** A librarian is arranging a thirteen-volume encyclopaedia on the shelf from left to right in the following order of volume numbers: 8, 11, 5, 4, 9, 1, 7, 6, 10, 3, 12, 2. In this pattern, where should the volume 13 be placed?
1. Leftmost
2. Rightmost
3. Between 10 and 3
4. Between 9 and 1

**9.** किसी संसदीय समिति के 9/11 वां भाग पुरुष हैं। पुरुषों में दो तिहाई राज्यसभा के हैं। उपरान्त, समिति के कुल सदस्यों में से 7/11 वां भाग राज्यसभा से हैं। कुल संख्या का कौन-सा भाग लोकसभा से महिलाओं का हैं?

| | |
|---|---|
| 1. 1/11 | 2. 6/11 |
| 3. 2/11 | 4. 3/11 |

**9.** Nine-eleventh of the members of a parliamentary committee are men. Of the men, two-thirds are from the Rajya Sabha. Further, 7/11 of the total committee members are from the Rajya Sabha. What fraction of the total number are women from the Lok Sabha?

| | |
|---|---|
| 1. 1/11 | 2. 6/11 |
| 3. 2/11 | 4. 3/11 |

**10.** जब एक किसान से पूछा गया कि उसके पास कितने जानवर थे, तो उसने जवाब दिया कि दो के अलावा सभी गायें हैं, दो के अलवा सभी घोड़े हैं। उसके पास कुल कितने जानवर थे?

| | |
|---|---|
| 1. 3 | 2. 6 |
| 3. 8 | 4. 12 |

**10.** When a farmer was asked as to how many animals he had, he replied that all but two were cows, all but two were horses and all but two were pigs. How many animals did he have?

| | |
|---|---|
| 1. 3 | 2. 6 |
| 3. 8 | 4. 12 |

**11.** निम्न स्तंभ-आलेख किसी कक्षा के विद्यार्थियों से प्राप्त अंकों का बंटन प्रस्तुत करता है।




10 अंक वाले प्रश्न प्रत्र के लिए उत्तीर्ण होने के लिए 3.30 अंकों की जरूरत है। निम्न में से क्या सही नहीं है?
1. विद्यार्थियों के बहुसंख्य में उत्तीर्ण होने के लिए ज़रूरी अंकों से अधिक प्राप्त किये हैं।
2. बंटन का बहुलक 3 है।
3. उत्तीर्ण हुये विद्यार्थियों का औसत अंक 55% से ऊपर है।
4. विद्यार्थियों का औसत अंक 20% से नीचे है।

11. The distribution of marks of students in a class is given by the following chart:




If 3.30 marks is the passing score in a 10 mark question paper, which of the following is false?
1. Majority of the students have scored above the pass mark
2. Mode of the distribution is 3
3. Average marks of passing students is above 55%
4. Average marks of students who have failed is below 20%

12. **मोहन ने गीता को उतने ही रूपये उधार दिये, जितने पहले से ही गीता के पास थे। बाद में गीता ने ₹ 10 खर्च किये। दूसरे दिन मोहन ने गीता के पास जितने रूपये अब बचे थे, उतने ही रूपये उसे फिर से उधार दिये, गीता ने फिर से ₹ 10 खर्च किये। तीसरे दिन राम ने गीता को उतने ही पैसे उधार दिये कितने अब गीता के पास बचे थे। गीता ने फिर से ₹ 10 खर्च किये। यदि इसके बाद गीता के पास कोई रूपये नहीं बचे, तो शुरुआत में गीता के पास कितने रूपये थे?**

1. ₹ 11.25    2. ₹ 10
3. ₹ 7.75    4. ₹ 8.75

12. Mohan lent Geeta as much money as she already had. She then spent ₹ 10. Next day, he again lent as much money as Geeta now had, and she spent ₹10 again. On the third day, Mohan again lent as much money as Geeta now had, and she again spent ₹ 10. If Geeta was left with no money at the end of the third day, how much money did she have initially?

1. ₹ 11.25    2. ₹ 10
3. ₹ 7.75    4. ₹ 8.75

13. 24 घन पूर्णांकों के एक अनुक्रम में किसी भी दो लगातार पूर्णांकों का गुणनफलन 24 है। यदि अनुक्रम का 17 वां सदस्य 6 है, तो सातवां सदस्य है

1. 24    2. 4
3. 6    4. 17

13. In a sequence of 24 positive integers, the product of any two consecutive integers is 24. If the 17[th] member of the sequence is 6, the 7[th] member is

1. 24    2. 4
3. 6    4. 17

14. **किसी विशेष रंग तथा वाले हीरों का मूल्य निम्न सूची में प्रस्तुत है:**

| हीरे का वजन (कैरट में ) | हीरे का मूल्य (प्रति कैरट, रूपये में) |
|---|---|
| 0.25 | 1 लाख |
| 0.5 | 2 लाख |
| 1 | 4 लाख |
| 2 | 8 लाख |

**दो कैरट हीरे के मूल्य में कितने 0.25 कैरट हीरे खरीदे जा सकते हैं?**

**1. 8    2. 16**
**3. 32    4. 64**

14. **The prices of diamonds having a particular colour and clarity are tabulated below:**

| Weight of diamond (in carats) | Price of diamond (in rupees/carat) |
|---|---|
| 0.25 | 1 lakh |
| 0.5 | 2 lakh |
| 1 | 4 lakh |
| 2 | 8 lakh |

How many 0.25 carat diamonds can be purchased for the price of a 2 carat diamond?

1. 8    2. 16
3. 32    4. 64

15. वरीयता के आधार पर किसी विश्वद्यालय को नये कुलपति की नियक्ति करनी है। मिस्टर नार्थ की अपेक्षा मिस वेस्ट की वरीयता कम है, परंतु मिस ईस्ट की तुलना में अधिक है। मिस वेस्ट की अपेक्षा मिस्टर साउथ की वरीयता अधिक है, परंतु वह मिस्टर नार्थ से कम वरीयता रखते हैं। वरिष्ठतम इस पद को अस्वीकार करता है, तो विश्वविद्यालय का नया कुलपति कौन बनेगा?

1. मिस्टर नार्थ
2. मिस ईस्ट
3. मिस वेस्ट
4. मिस्टर साउथ

15. The university needs to appoint a new Vice Chancellor which will be based on seniority. Ms. West is less senior to Mr. North but more senior to Ms. East. Mr. South is senior to Ms. West but junior to Mr. North. If the senior-most declines the assignment, then who will be the new Vice Chancellor of the University?

1. Mr. North
2. Ms. East
3. Ms. West
4. Mr. South

16. एक संपूर्ण आयत के अंदर स्थित तीन आयतों का क्षेत्रफल चित्र में दर्शाया गया है।

| | |
|---|---|
| | 8 |
| 12 | 4 |

संपूर्ण आयत का क्षेत्रफल क्या है?

1. 36 2. 48
3. 72 4. 96

16. Areas of the three rectangles inside the full rectangle are given in the diagram.

| | |
|---|---|
| | 8 |
| 12 | 4 |

What is the area of the full rectangle?

1. 36 2. 48
3. 72 4. 96

17. रिक्त वर्ग में सही पैटर्न कौन-सा होना चाहिए?




17. Which should be the correct pattern in the empty square?




18. 120 ग्राम 22 कैरट सोना बनाने क्रमश: कितने ग्राम सोना तथा तांबा होना चाहिए?

1. 90 तथा 30 2. 100 तथा 20
3. 110 तथा 10 4. 120 तथा 0

18. How much gold and copper (in g), respectively, are required to make a 120 g bar of 22 carat gold?
1. 90 and 30
2. 100 and 20
3. 110 and 10
4. 120 and 0

19. एक जल पात्र में, जब वह 40% खाली है, उसके 40% पूर्ण होने की स्थिति की अपेक्षा 40 लिटर जल अधिक है। जब वह भर जाता है, तो उसमें कितना लिटर जल होगा?
1. 100 L
2. 75 L
3. 120 L
4. 200 L

19. A water tank that is 40% empty holds 40 L more water than when it is 40% full. How much water does it hold when it is full?
1. 100 L
2. 75 L
3. 120 L
4. 200 L

20. यदि किसी त्रिभुज के सभी कोण अभाज्य हैं, निम्न में से कौन-सा एक ऐसा कोण हो सकता है?
1. 89°
2. 79°
3. 59°
4. 29°

20. If all the angles of a triangle are prime numbers, which of the following could be one such angle?
1. 89°
2. 79°
3. 59°
4. 29°

## भाग \PART 'B'

21. निम्न में से कौन सा एमिनो अम्ल समपक्ष एवं पारपक्ष दोनों संरूपणो में एक ही समयकाल में पाये जा सकते हैं?
1. Ala-Ala-$CONH_2$
2. Pro-Gly-$CONH_2$
3. Asn-Gly-$CONH_2$
4. Val-Pro-$CONH_2$

21. Which one of the following peptides can coexist in both cis- and trans-conformation?
1. Ala-Ala-$CONH_2$
2. Pro-Gly-$CONH_2$
3. Asn-Gly-$CONH_2$
4. Val-Pro-$CONH_2$

22. निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?
1. अपरस्थली एन्जाइम (प्रकिण्व) माइक्लिस- मेंटेन के नियमों का पालन नहीं करते हैं।
2. मुक्त उर्जा में परिवर्तन स्वतःस्फूर्तता के बारे में सूचना प्रदान करते हैं लेकिन अभिक्रिया की गति के बारे में नहीं।
3. स्पर्धी और अस्पर्धी रूकावटें गतिकीय मानकों पे अविभेद्य है।
4. एक एंजाइम का $k_{cat}/K_M$ ($M^{-1}s^{-1}$) का ~$2 \times 10^8$ होना दर्शाता है कि यह विसारण-नियंत्रिय मुकाबले के गति के करीब है।

22. Which one of the following statements is **NOT** correct?
1. Allosteric enzymes do not obey Michaelis-Menten kinetics.
2. The free-energy change provides information about the spontaneity but not rate of a reaction.
3. Competitive and non-competitive inhibitions are kinetically indistinguishable.
4. A $k_{cat}/K_M$ ($M^{-1}s^{-1}$) of ~$2 \times 10^8$ for an enzyme indicates that the value is close to diffusion-controlled rate of encounter.

23. निम्न में से कौन से एमिनों अम्लों के जोड़े ग्लूकोजेनिक एवं कीटोजेनिक प्रकृति के हैं?
1. एलैनिन एवं लाइसिन
2. लाइसिन एवं ल्यूसिन
3. आइसोल्यूसिन एवं फेनिलएलैनि
4. एस्परटेट एवं लाइसिन

23. Which one of the following pair of amino acids are glucogenic and ketogenic in nature?
1. Alanine and Lysine
2. Lysine and Leucine
3. Isoleucine and Phenylalanine
4. Aspartate and Lysine

24. 0.1 N HCl घोल का $[OH^-]$ है
1. $10^{-14}$ M
2. $10^{-13}$ M
3. $10^{-12}$ M
4. $10^{-7}$ M

24. The $[OH^-]$ of 0.1 N HCl solution is
1. $10^{-14}$ M
2. $10^{-13}$ M
3. $10^{-12}$ M
4. $10^{-7}$ M

25. झिल्ली प्रोटीन की वसा द्विपरत को विस्तार करनें की क्षमता दृढ़ता से निम्न की उपस्थिति पर अवलम्बन करता है।
 1. जिंक फिंगर प्रक्षेत्र
 2. $\alpha$ हेलिसेज
 3. समानान्तर $\beta$ पत्तर
 4. प्रतिसमानान्तर $\beta$ पत्तर

25. Ability of a membrane protein to span the lipid bilayer strictly depends on the presence of
 1. Zinc finger domain
 2. $\alpha$ helices
 3. parallel $\beta$ sheet
 4. antiparallel $\beta$ sheet

26. निम्न में से कौन सा P-प्रकार के आयनो के अभिगमित करता है?
 1. $Mg^{+2}$ और $Fe^{+2}$
 2. $Mg^{+2}$ और $Fe^{+3}$
 3. $Mg^{+2}$ और $Cl^{-}$
 4. $Na^{+}$–$K^{+}$, $Ca^{+2}$ और $H^{+}$

26. Which one of the listed below is a P-type ion transporter?
 1. $Mg^{+2}$ and $Fe^{+2}$
 2. $Mg^{+2}$ and $Fe^{+3}$
 3. $Mg^{+2}$ and $Cl^{-}$
 4. $Na^{+}$–$K^{+}$, $Ca^{+2}$ and $H^{+}$

27. कोशिकाए लयनकाए के अन्दर प्रोटानों की उच्च सान्द्रता बनाए रखती है, क्योंकि
 1. लयनकाय झिल्ली में प्रतिगामको का होना
 2. लयनकाय झिल्ली में ए.टी.पी. उर्जित प्रोटान पंप का होना
 3. लयनकाय झिल्ली में निर्विघ्न विसरण प्रोटान प्रणाल का होना
 4. लयनकाय झिल्ली मे निर्विघ्न विसरण प्रोटान एकलवाहको का होना

27. The cell maintains a high concentration of protons inside the lysosome because of
 1. antiporter in the lysosomal membrane
 2. ATP-powered proton pump in the lysosomal membrane
 3. facilitated diffusion proton channel in the lysosomal membrane
 4. facilitated diffusion proton uniporter in the lysosomal membrane

28. यह विदित है कि विकास प्रक्रिया में समान जटिलता दिखाने वाले दो जीवों के सकल डी.एन.ए. में विशाल अन्तर होता है। यह निम्न के संख्या में विशाल अन्तर के कारण होता है।
 1. पारांतरणीय तत्व, पुनरावृत्त डी.एन.ए. और कूटन अनुक्रम
 2. पारांतरणीय तत्व और पुनरावृत्त डी.एन.ए.
 3. अव्यक्तेय और कूटन अनुक्रम
 4. अव्यक्तेय और पारांतरणीय तत्व

28. It is known that there is a large difference in the DNA content between two organisms with similar developmental complexity. This is due to large differences in the number of
 1. transposable elements, repetitive DNA and coding sequences
 2. transposable elements and repetitive DNA
 3. introns and coding sequences
 4. introns and transposable elements

29. एक यूरेसिल युक्त प्लाज्मिड निर्मित किया गया तथा इसका उपयोग प्राकृतिक प्रकार ($ung^{+}$) एवं यूरेसिल-N-ग्लाइकासिलेज उत्परिवर्तित ($ung^{-}$) *E. coli* कोशिकाओं में रूपांतरण करने के लिए किया गया, और रूपान्तरितों का उचित प्रतिजैविक की उपस्थिति में गणना किया गया। निम्न में से कौन सा कथन प्रायोगिक परिणाम को शुद्धता से परिभाषित करती है?
 1. $ung^{+}$ कोशिकाओं में $ung^{-}$ कोशिकाओं की तुलना में रूपान्तरितों की संख्या कम होगी।
 2. $ung^{-}$ कोशिकाएं $ung^{+}$ कोशिकाओं की तुलना में कम रूपान्तरितें देंगी।
 3. $ung^{-}$ कोशिकाओं में रूपान्तरण नहीं होगा क्योंकि यूरेसिल उच्छेदन का मरम्मत नहीं होगा तथा प्लाज्मिड का प्रतिकृतियन नहीं होगा।
 4. डी.एन.ए. में यूरेसिल की उपस्थिति अप्राकृतिक है और यूरेसिल युक्त प्लाज्मिड डी.एन.ए. $ung^{+}$ या $ung^{-}$ कोशिकाओं ने से किसी में भी रूपांतरण पैदा नहीं करेगा।

29. A uracil containing plasmid was constructed and was used in transformation into the wild type (*ung*$^{+}$) and uracil-N-glycosylase mutated (*ung*$^{-}$) *E. coli* cells and scored for transformants in the presence of appropriate antibiotics. Which one of the following statements correctly describes the experimental outcome?
   1. *ung*$^{+}$ cells will have fewer transformants compared to *ung*$^{-}$ cells.
   2. *ung*$^{-}$ cells will give fewer transformants compared to *ung*$^{+}$ cells.
   3. No transformants will be obtained in *ung*$^{-}$ cells as uracil excision repair will not occur and the plasmid would not replicate.
   4. Presence of uracil in DNA is unnatural and the plasmid DNA with uracils in it will not produce transformants in either *ung*$^{+}$ or *ung*$^{-}$ cells.

30. *E. coli* द्विपथीय प्रतिकृतियन विधि का उपयोग करके 40 मिनट में अपने संजीन की द्विगुणन कर लेती है। यदि *E. coli* एकलपथीय प्रतिकृतियन विधि का उपयोग अपने डी.एन.ए. के एक पूरे रज्जुक को संश्लेष करने में करती है तो, यह समय होगी

| | |
|---|---|
| 1. 40 मिनट | 2. 80 मिनट |
| 3. 20 मिनट | 4. 60 मिनट |

30. *E. coli* takes 40 min. to duplicate its genome using a bi-directional mode of replication. If *E. coli* were to use uni-directional mode of replication to synthesize a full copy of DNA complementary to just one of the strands of the genome, it would take

| | |
|---|---|
| 1. 40 min | 2. 80 min |
| 3. 20 min | 4. 60 min |

31. *trp* प्रचालेक अनुलेखन प्रक्रिया का ट्रिप्टोफान द्वारा नियन्त्रण के दौरान ट्रिप्टोफान निम्न के साथ बन्धता है
   1. दमनकरी प्रोटीन के साथ जोकि प्रचालक के साथ बन्धने के पश्चात् अनुलेखन प्रक्रिया को रोकता है।
   2. RNA पालिमरेज के साथ एव अनुलेखन प्रक्रिया को रोकता है।
   3. दमनकारी प्रोटीन के साथ मिलकर ढांचा में परिवर्तन लाता है एव प्रोटियेस द्वारा इसका विघटन होता है।
   4. दमनकारी प्रोटीन के साथ जिसके फलस्वरूप सिग्मा उपइकाई के साथ अन्योन्यक्रिया एवं अनुलेखन प्रक्रिया का रुकना।

31. Transcriptional regulation of *trp* operon by tryptophan involves binding of tryptophan to
   1. the repressor protein and inhibition of transcription by its interaction with the operator region.
   2. RNA polymerase and inhibition of transcription.
   3. the repressor protein leading to structural changes and its degradation by proteases.
   4. the repressor protein leading to its interaction with the sigma subunit and inhibition of transcription .

32. eIF2 α उपइकाई का फास्फोरिलन (Ser51 पर) निम्न प्रक्रिया को अग्रसरित करता है।
   1. eIF2B का Met-tRNA$_i$ के साथ अनुबंधित होने की क्रिया का निष्क्रियण
   2. eIF2B का प्रच्छादन होना क्योंकि eIF2 एवं eIF2B के बीच दृढ़ बन्धन बनता है
   3. eIF2B का विघटन
   4. eIF2B के ग्वानिन विनिमय के कार्यकलाप को बढ़ाता है

32. Phosphorylation of eIF2 α subunits (at Ser51) leads to
   1. inactivation of Met-tRNA$_i$ binding activity of eIF2B.
   2. sequestration of eIF2B because of tight binding between eIF2 and eIF2B.
   3. degradation of eIF2B.
   4. enhanced guanine exchange activity of eIF2B.

33. यदि एक अन्तःकोशिकीय रोगाणु के द्वारा पैदा किया गया रोग पोषी मे प्रतिशोधकारी अनुक्रिया के साथ संबन्धित है, निम्न में से कौन सा एक प्रभावी उपचार विधि हो सकती है?
   1. TGF-β से उपचार
   2. मैक्रोफाज को सक्रिय करने वाल कर्षक से उपचार
   3. तन्त्र से IFN-γ को समाप्त करना
   4. IL-4 एवं IL-10 से उपचार

33. If a disease caused by an intracellular pathogen is associated with host anti-inflammatory response, which one of the following may lead to an effective therapeutic approach?
   1. Treatment with TGF-β
   2. Treatment with macrophage activating agent
   3. Depletion of IFN-γ from the system
   4. Treatment with IL-4 and IL-10

34. सर्वाकल कैंसर कारक पैपीलोमा वाइरस दो अर्बुदप्रोटिन E6 एवं E7 का उत्पादन करता है जोकि कोशिकीए चक्र नियन्त्रण प्रक्रिया में निम्न हस्तक्षेप करता है
   1. pRb एवं p53 का निष्क्रियरण, क्रमशः
   2. p53 एवं pRb का न्यूनाधिकरण, क्रमशः
   3. साइक्लिन D1 एवं CDK4 के साथ बंधता है
   4. p21 की अभिव्यक्ति को सक्रिय करता है

34. Cervical cancer-causing papilloma virus produces two oncoproteins E6 and E7 which are responsible for interfering with cell cycle regulation by
   1. inactivating pRb and p53, respectively
   2. modulating p53 and pRb, respectively
   3. binding to cyclin D1 and CDK4
   4. activating expression of p21

35. निम्न मे से कौन सा क्षुद्र एवं पानी में घुलनशील अणुओं का कोशिकाद्रव्य एवं निकटवर्ती कोशिका के बीच त्वरित विसरण की प्रक्रिया का अनुमोदन देता है?
   1. दृढ़ संधियां
   2. संलागी संधियां
   3. आसंजी संधियां
   4. अंतराल संधियां

35. Which one of the following permits the rapid diffusion of small, water-soluble molecules between the cytoplasm of adjacent cells?
   1. Tight junctions
   2. Anchoring junctions
   3. Adherens junctions
   4. Gap junctions

36. निम्न में से कौन सा पूरक सक्रियण के वैकल्पिक पथ के बारे में सही नहीं है?
   1. वैकल्पिक पथ उसी झिल्ली-आक्रमण सम्मिश्र का उपयोग करता है जोकि चिरप्रतिष्ठित पथ द्वारा
   2. वैकल्पिक पथ को प्रतिजन-प्रतिरक्षी अन्योन क्रिया की आवश्यकता नहीं होती
   3. वैकल्पिक पथ C3 का उत्पादन करता है, जैसा की चिरप्रतिष्ठित पथ द्वारा
   4. कुछ सूक्ष्म जीवों के सतह पर भौतिक-रसायनिक गुणधर्म होती है जोकि वैकल्पिक पथ को सक्रिय कर सकता है

36. Which one of the following is **NOT** true for alternative pathway of complement activation?
   1. Alternative pathway uses the same membrane-attack complex as the classical pathway
   2. Alternative pathway does not require antigen-antibody interactions.
   3. Alternative pathway produces C3 by the same route as the classical pathway
   4. Certain microbial surfaces have physico-chemical properties that may result in activation of alternative pathway

37. समुद्री अर्चिन के अंडों के निषेचन के दौरान अंतःद्रव्यी जालिका से $Ca^{2+}$ का मोचन कोर्टिकल ग्रेन्यूल को पुनःसक्रिय करता है। प्रमुख अणु जो कि $Ca^{2+}$ का अंतःकोशिकीय भंडार से मोचन के लिए जिम्मदार है।
   1. पारदर्शी अंडावरण ग्लाइकोप्रोटीन
   2. प्रोटेमीन्स
   3. आइनोसिटोल 1,4,5 ट्रिसफास्फेट
   4. N-एसीटिलग्लुकोसामिनिडेज

37. Fertilization in sea urchin eggs involves $Ca^{2+}$ release from the endoplasmic reticulum for cortical granule reactivation. The major molecule responsible for releasing $Ca^{2+}$ from intracellular stores is
   1. zona pellucida glycoproteins
   2. protamines
   3. inositol 1, 4, 5-trisphosphate
   4. N-acetylglucosaminidase

38. फलमक्खी मे अल्ट्राबाइथोरेक्स के विलोपन के पश्चात् निम्न लक्षणप्रारूप परिलक्षित होता है।
   1. तृतीय वक्ष खण्ड का रूपांतर एक और द्वितीय वक्ष खण्ड में हो जाती है, जिसके फलस्वरूप फलमक्खी में चार पख हो जाते हैं।
   2. क्योंकि ये दूसरे वक्ष खण्ड को विनिर्देश करती है, मुंडक गर्तिका में श्रृंगिका के स्थान पर पैर की उत्पत्ति होने लगती है।
   3. क्योंकि ये तृतीय वक्ष खण्ड को विनिर्देश करती है, दो श्रृगिंका वाली फलमक्खी का विकास होता है।
   4. क्योंकि ये जीन द्वितीय वक्ष खण्ड मे अभिव्यक्त करने से चूक जाती है अतः पैर के स्थान पे श्रृगिंका की उत्पत्ति होने लगती है।

38. What is the observed phenotype when the *ultrabithorax* gene is deleted in *Drosophila*?
   1. The third thoracic segment is transformed into another second thoracic segment resulting in a fly with four wings.
   2. Since it specifies the second thoracic segment, instead of antenna leg grows out of the head socket.
   3. Since it specifies the third thoracic segment, a fly with two pairs of halters develop.
   4. Since this gene fails to be expressed in the second thoracic segment, the antennae sprout in the leg position.

39. उभयचरों के विकास के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सही है?
   1. संगठक स्वयं न्यूकूप केन्द्र से प्रेरित होने लगती है जोकि अधिकतम पृष्ठ मध्यजनस्तर कोशिका में स्थित होती है।
   2. संगठक नोगिन, कोर्डिन, फोलिस्टिन जैसे प्रोटीन के स्राव से कार्य करता है, तदुपरान्त बी.एम.पी. संकेत को अवरूद्ध करता है अन्यथा ये मध्यस्तर को पृष्ठीयता प्रदान कर देता है।
   3. बी.एम.पी. सक्रियक की उपस्थिति में बाह्यजनस्तर कोशिका तंत्रिकिय कोशिका का निर्माण करती है।
   4. डब्लू एन टी संकेत तंत्रिय नली के अग्र–पश्च अक्ष के साथ β-कैटेनिन की प्रवणता निर्मित करती है जो कि तंत्रिय नली के प्रादेशीकरण को विनिर्देश करती है।

39. Which one of the following statements with respect to amphibian development is correct?
   1. The organizer is itself induced by the Nieuwkoop Centre located in the dorsal-most mesodermal cells.
   2. The organizer functions by secreting proteins like Noggin, Chordin and Follistatin that blocks BMP signal that would otherwise dorsalize the mesoderm.
   3. In the presence of BMP activators the ectodermal cells form neural tissue.
   4. Wnt signalling causes a gradient of β-catenin along the anterior-posterior axis of the neural tube that appears to specify the regionalization of the neural tube.

40. निम्नांकित कौन सा कथन पौधों में जीर्णता के घटक/लक्षण के सम्बन्ध में सही नहीं है?
   1. पौधों में क्रमादेशित कोशिका मृत्यु क्रियात्मक कोशिका या ऊतक की उत्पत्ति कर सकती है।
   2. जीर्णता की प्रक्रिया को साइटोकाइनिन के अनुप्रयोग से प्रेरित एवं सिलिसाइलिक एसिड के अति अभिव्यक्ति से विलम्बित किया जा सकता है।
   3. स्वभोजिता मे विकारयुक्त पौधे त्वरित जीर्णता परिलक्षित करती है।
   4. पत्तियों की जीर्णता एन.ए.सी. एवं डब्लू. आर.के.वाई. जीन्स परिवारों के द्वारा नियन्त्रित होती है।

40. Which one of the following statements related to components/features of senescence in plants is **INCORRECT**?
   1. Programmed cell death in plants may generate functional cells or tissues.
   2. Senescence can be induced by application of cytokinins and delayed by overexpre-ssion of salicylic acid.
   3. Plants defective in autophagy demonstrate accelerated plant senescence.
   4. Leaf senescence is regulated by NAC and WRKY genes families.

41. निम्न में से कौन सा द्वितीय उपापचयज का अभिलक्षण एक केन्द्रीय कार्बन अणु जो कि सल्फर द्वारा एक ग्लाइकोन समूह से परिबन्धित है, एवं एक नाइट्रोजन जोकि सल्फोनेट आक्सिम समूह से परिबन्धित है, से होता है?

1. अल्कोलाएडस  2. टेरपेन्स
3. फिनालिक्स  4. ग्ल्यूकोसिनोलेट

41. Which one of the following secondary metabolites is characterized by the presence of a central carbon atom that is bound by a sulphur to a glycone group, and by a nitrogen to a sulfonated oxime group?

1. Alkaloids  2. Terpenes
3. Phenolics  4. Glucosinolates

42. अन्धेरे में वर्धित एरेबिडोप्सिस नवोद्भिद "त्रिप्रतिवेदन" परिलक्षित करती है जब यह एथिलिन हार्मोन से उच्छादित होती है। निम्न में से कौन सा "त्रिप्रतिवेदन" को अभिलक्षित करती है?

1. लघुकृत प्ररोह दीर्घयन, वर्धित प्ररोह मोटाई एवं शीर्ष अंकुश का दृढ़िकरण
2. लघुकृत प्ररोह दीर्घयन, लघुकृत प्ररोह मोटाई एवं शीर्ष अंकुश का शिथिलन
3. वर्धित प्ररोह दीर्घयन, वर्धित प्ररोह मोटाई एवं शीर्ष अंकुश का शिथिलन
4. वर्धित प्ररोह दीर्घयन, वर्धित प्ररोह मोटाई एवं शीर्ष अंकुश का दृढ़िकरण

42. Dark grown Arabidopsis seedlings show 'triple response' when exposed to ethylene hormone. Which one of the following options is characteristic of 'triple response'?

1. Reduced shoot elongation, increased shoot thickness and tightening of apical hook.
2. Reduced shoot elongation, reduced shoot thickness and loosening of apical hook.
3. Increased shoot elongation, increased shoot thickness and loosening of apical hook.
4. Increased shoot elongation, reduced shoot thickness and tightening of apical hook.

43. बैसिनोस्टेराएड एक स्टेरायड हार्मोन का समूह है जो कि विविध प्रकार के कोशिकीय एवं परिवर्धन से सम्बन्धित कार्य करता है। निम्न में से कौन सा बैसिनोस्टोराएड हार्मोन ग्राही के निरोधक का कार्य करता है?

1. BRI 1  2. BKI 1
3. BAK 1  4. BSK 1

43. Brassinosteroids are a group of steroid hormones that function in a variety of cellular and developmental contexts in plants. Which one of the following acts as an inhibitor of the brassinosteroid receptor?

1. BRI 1  2. BKI 1
3. BAK 1  4. BSK 1

44. निम्न में से कौन सा उपापचयज $C_2$ आक्सीडेटिव प्रकाश-संश्लेषण वृत्त के दौरान सूत्र कणिकाओं से परआक्सीसोम में विस्थापित होता है?

1. ग्लीसिरेट  2. ग्लाइकोलेट
3. ग्लाइसीन  4. सेरीन

44. Which one of the following metabolites moves from mitochondria to peroxisome during the operation of the $C_2$ oxidative photosynthetic cycle?

1. Glycerate  2. Glycolate
3. Glycine  4. Serine

45. अनुंकपी पश्च–गुच्छिका तंत्रिकोशिका जो कि कोलीनर्जिक है, प्रेरित करता है

1. स्वेद ग्रन्थि  2. कर्णपूर्व ग्रन्थि
3. रोम पुटक  4. अग्न्याशय

45. Sympathetic post-ganglionic neurons that are cholinergic, innervate

1. sweat glands  2. parotid glands
3. hair follicles  4. pancreas

46. मेलैनोप्सीन रेटिना के किस कोशिका में पाया जाता है?

1. शंकु कोशिका
2. शलाका कोशिका
3. गुच्छिका कोशिकाएं
4. द्विध्रुवी कोशिका

46. Melanopsin is found in which cell of the retina?

1. Cones  2. Rods
3. Ganglion cells  4. Bipolar cells

47. प्रेस्टिन, एक झिल्ली प्रोटीन कोर्टी अंग के निम्न किस कोशिका में पाई जाती है?
   1. आंतरिक रोम कोशिकाएं
   2. आंतरिक अंगुलास्थि कोशिकाएं
   3. वाह्य रोम कोशिकाएं
   4. वाह्य अंगुलास्थि कोशिकाएं

47. Prestin, a membrane protein, is found in which one of the following cells of the organ of Corti?
   1. Inner hair cells
   2. Inner phalangeal cells
   3. Outer hair cells
   4. Outer phalangeal cells

48. दो व्यक्ति A एवं B, प्रत्येक 75 किलोग्राम वजन के, उनमें समान आयतन के शारीरिक जल है। दोनो ने उच्च लवण युक्त खाद्य पदार्थ खाया। परन्तु, व्यक्ति A ने एक गिलास एल्कोहोलिक (मद्यसारी) युक्त पेय पीया। इस सूचना के आधार पर, निम्न में से कौन सा कथन सही है?
   1. A में B की तुलना में परिसंचारी एन्टीडाइयूरेटिक हार्मोन (ADH) की मात्रा कम होगी।
   2. B में A की तुलना में परिसंचारी ADH की मात्रा कम होगी।
   3. ADH की मात्रा दोनों व्यक्तियों में अपरिवर्तित रहेगी।
   4. गुर्दे में जल का पुनः अवचूषण A में B की तुलना में अधिक होगा।

48. Two individuals A and B, each of 75 kg body weight, have similar volume of body water. Both of them had high salt snack. However, individual A also had a glass of alcoholic drink. Based on this information, which one of the following statements is true?
   1. A will have lower circulating level of antidiuretic hormone (ADH) than B
   2. B will have lower circulating level of ADH than A
   3. The level of ADH will not change in these two individuals
   4. The reabsorption of water in kidney will be more in A than B

49. एक अव्यक्तेक को पारांतरेक के बीच क्लोन किया गया। इसके पारांतवरण के उपरान्त अव्यक्तेक की अनुपस्थिति, प्रकट करती है कि यह
   1. संरक्षी पारांतवरण विधि का पालन करती है।
   2. प्रतिकृती पारांतवरण विधि का पालन करती है।
   3. यह एक प्रतिपारांतरेक है
   4. यह एक निवेशन तत्व है

49. An intron was cloned within a transposable element. Absence of the intron following transposition of the element, will indicate that it
   1. follows conservative mode of transposition
   2. follows replicative mode of transposition
   3. is a retrotransposon
   4. is an insertion element

50. एक जीव मे आँखों के लाल रंग को निर्धारित करने वाली युग्म विकल्पी सफेद रंग को निर्धारित करने वाली पर हावी (प्रभावी) है। एक सफेद आँखों वाला नर एवं लाल आँखों वाली मादा के बीच संकरण किया गया। इनके संतानों में सभी नर लाल आँखों वाले जबकि मादा सफेद आँखों वाले है। व्युत्क्रम संकरण के फलस्वरूप सभी संतानों में लाल आँखें उत्पन्न होती है। उपरोक्त सूचना के आधार पर निम्न में से कौन सा निष्कर्ष सही है?
   1. यह एक लिंग सीमित विशेषक है, एवं नर समाकारी लिंगी है
   2. यह एक लिंग सहलग्न विशेषक है साथ में नर समाकारी लिंगी है
   3. यह एक लिंग सहलग्न विशेषक है, साथ में मादा समाकारी लिंगी है
   4. यह एक अलिंगसूत्री वंशागति का प्रकरण है, साथ में अपूर्ण भेदन

50. In an organism, allele for red eye colour is dominant over the allele for white eye colour. A cross is made between a white eyed male and a red eyed female. In the progeny all males are red eyed while the females are white eyed. The reciprocal cross leads to all red eyed progeny. Based on the above information which one of the following conclusions is correct?

1. This is a sex-limited trait, and the male is the homomorphic sex
2. This is a sex-linked trait, with male being the homomorphic sex
3. This is a sex-linked trait, with female being the homomorphic sex
4. This is a case of autosomal inheritance, with incomplete penetrance

51. एक जनसंख्या के नमूना में 65 व्यक्ति BB जीन प्ररूप, 30 व्यक्ति Bb जीन प्ररूप एवं 15 व्यक्ति bb जीन प्ररूप के हैं। b युग्मविकल्पी की आवृति है

| | |
|---|---|
| 1. 0.59 | 2. 0.27 |
| 3. 0.41 | 4. 0.73 |

51. In a sample from a population there were 65 individuals with BB genotype, 30 individuals with Bb genotype and 15 individuals with bb genotype. The frequency of the 'b' allele is

| | |
|---|---|
| 1. 0.59 | 2. 0.27 |
| 3. 0.41 | 4. 0.73 |

52. एक नर घोंघा जो कि दक्षिणावर्त युग्मविकल्पी के लिए सहयुग्मी है का संकरण एक मादा जो कि वामावर्त युग्मविकल्पी के लिए सहयुग्मी है, के साथ किया गया। सारे F1 संतानों में वामावर्त लक्षणप्ररूप दिखा। जब F1 संतानों का स्वविवेचन किया गया, सारे F2 संतानों में दक्षिणावर्त कुण्डलीकरण दिखा। यह प्रयोग दर्शाता है कि
1. प्रभावी प्रबलता, क्योंकि दक्षिणावर्त युग्मविकल्पी वामावर्त युग्मविकल्पी पर प्रभावी है
2. अप्रभावी प्रबलता, क्योंकि F2 में दक्षिणावर्त युग्मविकल्पी सहयुग्मी अवस्था में निर्गत हुआ
3. मातृ प्रभाव, क्योंकि F1 माताओं का केन्द्रक जीन प्ररूप ने F2 संतानों के लक्षण प्ररूप को नियंत्रित किया है
4. मातृ वंशागति, क्योंकि F1 माताओं का सूत्रकणिका जीन्स F2 संतानों के लक्षण प्ररूप को नियंत्रित किया है

52. A male snail homozygous for dextral alleles is crossed with a female homozygous for sinistral alleles. All the F1 individuals showed sinistral phenotype. When F1 progeny snails were self fertilized all individuals of F2 progeny had dextral coiling. This experiment demonstrated
1. dominant epistasis as dextral allele is dominant over sinistral allele
2. recessive epistasis as in F2 dextral allele appeared in homozygous condition
3. maternal effect as the nuclear genotype of the F1 mother has governed the phenotype of the F2 individuals.
4. maternal inheritance as the mitochondrial genes of the F1 mother has governed the phenotype of the F2 individuals.

53. द्विपिच्छक एवं लघुबाहु निम्न का डिम्भक अवस्था है।
1. क्रस्टेशिया
2. आर्थ्रोपोडा एवं मोलस्का, क्रमवार
3. ओफियूरिओइडी एवं होलोथुरीओइडी, क्रमवार
4. एस्टीरोइडी

53. Bipinnaria and brachiolaria are the larval forms of
1. Crustacea
2. Arthropoda and Mollusca, respectively
3. Ophiuroidea and Holothuroidea, respectively
4. Asteroidea

54. ओनाइकोफोर संघ से सम्बन्धित जन्तुओं में
1. आर्थ्रोपोडियन अभिलक्षण होते हैं अतः इन्हें आर्थ्रोपोडा का एक वर्ग भी माना जाता है
2. इनमें ऐनेलिडन एवं आर्थ्रोपोडन दोनों के अभिलक्षण होते हैं
3. इनमें आर्थ्रोपोडन एवं मोलस्कन दोनों के अभिलक्षण होते हैं
4. ऐनेलिडा एवं मोलस्का के बीच का संयोजक कड़ी जैसा काम करता है

54. The animals belonging to phylum Onychophora
1. have arthropodan characteristics and thus also considered as a class of Arthropoda
2. have both annelidan and arthropodan characteristics
3. have both arthropodan and molluscan characteristics
4. serve as a connecting link between Annelida and Mollusca

55. निम्न में से किस मापदण्ड का उपयोग जीवाणु के फेनेटिक वर्गीकरण में नहीं किया जाता है?
   1. चर्वगांगकता
   2. जीवाणु का एक विशेष जीवाणुभोजी के प्रति संवेदनशीलता
   3. एक विशेष प्रतिरक्षी से अभिक्रिया
   4. 16S rRNA अनुक्रम

55. Which one of the following parameters is **NOT** used in phenetic classification of bacteria?
   1. trophism
   2. susceptibility of a bacteria to a particular bacteriophage
   3. reaction to a particular antibody
   4. 16S rRNA sequence

56. निम्न में से कौन समूह प्रजीवों के SAR क्लेड का प्रतिनिधित्व करता है?
   1. युग्लीओजोनास, लाल शैवाल, पैराबैसीलिड्स
   2. भूराशैवाल, फोराम्स, रेडियोलैरियन्स
   3. अवपंक फफूंदी, एन्टामीबास, डिप्लोमोनाड्स
   4. कारोफाइस, कोआनो फ्लेजिलेट्स, ट्यूबूलिनिड्स

56. Which of the following groups represents SAR clade of protists?
   1. Euglenozoans, Red algae, Parabasilids
   2. Brown algae, Forams, Radiolarians
   3. Slime moulds, Entamoebas, Diplomonads
   4. Charophyes, Choanoflagellates, Tubulinids

57. नीचे स्थानीय पौधों की जातिओं में पाये गये जैव विविधता वाले प्रमुख स्थानों को घटते हुए अनुक्रम में दिया गया है। सही अनुक्रम का चुनाव करें
   1. पश्चिमी घाट एवं श्रीलंका > भारत–बर्मा. > सुन्दालैण्ड > फिलिपिन्स
   2. फिलिपिन्स > सुन्दालैण्ड > भारत–बर्मा > पश्चिमी घाट एवं श्रीलंका
   3. सुन्दालैण्ड > भारत–बर्मा > फिलिपिन्स पश्चिमी घाट एवं श्रीलंका
   4. पश्चिमी घाट एवं श्रीलंका > सुन्दालैण्ड > फिलिपिन्स > भारत–बर्मा

57. Given below are biodiversity hotspots in decreasing order of endemic plant species recorded in them. Select the correct order.
   1. Western Ghats and Sri Lanka > Indo-Burma > Sundaland > Philippines
   2. Philippines > Sundaland > Indo-Burma > Western Ghats and Sri Lanka
   3. Sundaland > Indo-Burma > Philippines > Western Ghats and Sri Lanka
   4. Western Ghats and Sri Lanka > Sundaland > Philippines > Indo-Burma

58. निम्नांकित कौन सा विकल्प परिस्थितिक तंत्र को पौधों के प्रतिदिन, पत्तियों के प्रति इकाई क्षेत्रफल के हिसाब से बढ़ते हुए अनुक्रम में प्रदर्शित किया गया है?
   1. उष्णकटिबंधीय वन, गर्म रेगिस्तान, समशीतोष्ण वन
   2. गर्म रेगिस्तान, समशीतोष्ण वन, उष्णकटिबंधीय वन
   3. गर्म रेगिस्तान, समशीतोष्ण घास का मैदान, उष्णकटिबंधीय वन
   4. उष्णकटिबंधीय वन, समशीतोष्ण घास का मैदान, गर्म रेगिस्तान

58. Which of the following options lists ecosystems in increasing order of plant productivity per day per unit leaf area?
   1. Tropical forests, hot deserts, temperate forests
   2. Hot deserts, temperate forests, tropical forests
   3. Hot deserts, temperate grasslands, tropical forests
   4. Tropical forests, temperate grasslands, hot deserts

59. साधारणतया जंतुओं की आबादी में अक्षांश के साथ बढ़ते हुए औसत शारीरिक भार को जाना जाता है
   1. एलेन का नियम
   2. बर्जमान का नियम
   3. एली प्रभाव
   4. हैमिल्टन का नियम

59. A general increase in the average body mass of animal population within a species with latitude is known as
   1. Allen's rule
   2. Bergmann's rule
   3. Allee effect
   4. Hamilton's rule

60. कूड़ावासी प्रजातियां निम्न वातावरणों में पायी जाती हैं
1. कम बाधा (खलल), उच्च प्रतिस्पर्धा
2. उच्च बाधा (खलल), कम प्रतिस्पर्धा
3. कम बाधा (खलल), कम प्रतिस्पर्धा
4. उच्च बाधा (खलल), उच्च प्रतिस्पर्धा

60. Ruderal species are those which are found in the environments with
1. low disturbance, high competition
2. high disturbance, low competition
3. low disturbance, low competition
4. high disturbance, high competition

61. वैज्ञानिकों ने पौधे के दो नये प्रजातियों "A" एवं "B" को आविष्कृत किया जो कि समान दिखते हैं, सिवाय कि प्रजाति "A" में पुष्प एवं पत्तियां प्रजाति "B" की तुलना में दो गुने आकार की हैं। वैज्ञानिकों को कौन सी प्रणाली को उपयुक्त तरीके से यह पता करने के लिए किया जाना चाहिए कि प्रजाति "A" प्रजाति "B" में हुए जीन द्विगुणन का परिणाम है?
1. अनुक्रम में समानता, जीन संरचना एवं जीन का आकार
2. पौधे का आकार, जीन का बाह्य अंनतरता एवं संजीन का आकार
3. अनुक्रम में समानता, जीन का बाह्य अंनतरता एवं संजीन का आकार
4. अनुक्रम की लंबाई, जीन संरचना एवं गुण सूत्रों की संख्या

61. Scientists discovered two new plant species, "A" and "B" that look similar except that, species "A" bears flowers and leaves that are twice the size of those in species "B". Which method should the scientists use to appropriately investigate if species "A" is a result of gene duplication in species "B"?
1. Sequence similarity, gene structure and gene size.
2. Plant size, physical proximity of gene and genome size.
3. Sequence similarity, physical proximity of gene, genome size.
4. Sequence length, gene structure and chromosome count.

4. Major types of large proteins present in ECM are collagen, laminin, elastin and fibronectin.

93. आधुनिक कैंसर उपचार में विविध पद्धतियों का उपयोग होता है। शल्य चिकित्सा एवं विकिरण उपचार के परे जो कि अक्सर बड़े एवं अधिक विविक्त अर्बुद की स्थिति में प्रयुक्त किया जाता है, औषधि उपचार का उपयोग बचे हुए अर्बुद कोशिकाओं को लक्षित करने एवं बिखरे हुए आर्बुदों को आक्रान्त करने में किया जा सकता है। कैंसररोधी औषधियों द्वारा रसायन–चिकित्सा का उपयोग मुख्यतया डी.एन.ए. संश्लेषण एवं कोशिका विभाजन को रोकने पर केन्द्रीत होता है।
कैंसररोधी औषधियों की एक सूचि कतार A में, उनका रसायनिक स्वभाव कतार B एवं कार्यपद्धति कतार C में दिया गया है।

| | A | | B | | C |
|---|---|---|---|---|---|
| i) | मेथोट्रेक्सेट | a) | पोडोफाइलोटाक्सिन | I | टेट्राहाइड्रोफोलेट के निर्माण को रोकता है। |
| ii) | ऐटोपोसाइड | b) | पिरिमिडीन अनुरूप | II | थाइमिडाइलेट सिन्थेज को रोकता है। |
| iii) | 5–फ्लूरोयूरासिल | c) | क्षाराभ | III | सूक्ष्मनलिका के टूटाव में दखल देता है जोकि कोशिका विभाजन के लिए आवश्यक है। |
| iv) | पैक्लिटैक्सेल | d) | फोलिकअम्ल अनुरूप | IV | डी.एन.ए. एवं टोपोआइसोमरेज II क साथ दृढ यौगिक बनाता है जोकि डी.एन.ए. रज्जूक के पुनःबंधाव को प्रभावित करता है। |

निम्न में से कौन सा सबसे उपयुक्त समुच्चय है ?

1. i-a-I, ii-b-II, iii-c-III, iv-d-IV
2. i-b-II, ii-a-III, iii-d-I, iv-c-IV
3. i-c-III, ii-d-IV, iii-a-II, iv-b-I
4. i-d-I, ii-a-IV, iii-b-II, iv-c-III

93. Present-day cancer treatment uses many approaches. Beyond surgery and radiation treatment, which are most often employed in cases of larger, more discrete tumors, drug therapies can be used to target residual tumor cells and to attack dispersed cancers. Chemotherapies by anti-cancer drugs are mostly aimed at blocking DNA synthesis and cell division.
A list of anti-cancer drugs is given in column A, their chemical nature in column B and their mechanism of action in column C.

| | A | | B | | C |
|---|---|---|---|---|---|
| i) | Methotrexate | a) | Podophyllotoxin | I | Inhibits formation of tetrahydrofolate |
| ii) | Etoposide | b) | Pyrimidine analogue | II | Inhibits thymidylate synthase |
| iii) | 5-fluorouracil | c) | Alkaloid | III | Interferes with breakdown of microtubules required for cell division |
| iv) | Paclitaxel | d) | Folic acid analogue | IV | Forms stable complex with DNA and topoisomerase II affecting re-ligation of DNA strands |

Which one of the following is the most appropriate match?

1. i-a-I, ii-b-II, iii-c-III, iv-d-IV
2. i-b-II, ii-a-III, iii-d-I, iv-c-IV
3. i-c-III, ii-d-IV, iii-a-II, iv-b-I
4. i-d-I, ii-a-IV, iii-b-II, iv-c-III

94. सक्रियण उत्प्रेरित साइटिडिन (AID) कायिक अतिउत्परिवर्तन, जीन रूपान्तरण एवं श्रेणी परिवर्तन पुनर्योजन का प्रमुख मध्यस्थ हैं। श्रेणी परिवर्तन पुनर्योजन प्रक्रिया में AID की भूमिका के निर्धारण के लिए एक नियत प्रतिजन के विरूद्ध प्रतिरक्षा अनुक्रिया की तुलना AID निरसन चूहा (AID-/-) और एक चूहा जिसने एक क्रियाशील AID जीन की अनुवृति मौजूद है (AID+/-), के बीच किया गया। नियत प्रतिजन के विरूद्ध विकसित IgM एवं IgG प्रतिरक्षीयों का अनुक्रमिक प्ररिरक्षण के उपरांत परिमित किया गया एवं रेखा चित्रों द्वारा दर्शाया गया।
निम्न में से कौन सा प्रयोग का सबसे उपयुक्त निरूपन है ?

1.



2.



3.



4.



94. Activation-induced cytidine deaminase (AID) is the key mediator of somatic hypermutation, gene conversion and class-switch recombination. In order to ascertain the role of AID in class-switch recombination, immune response against a target antigen was compared between AID knock-out mice (AID-/-) with that of mice retaining a functional copy of the AID gene (AID+/-). Development of IgM and IgG antibodies against the target antigen was then measured following successive immunization and plotted graphically.

Which one of the following is the most appropriate representation of the experiment?

1.



2.



3.



4.



95. सिनोरैब्डाइटिस एलिगेंस में वल्वा के विकास के बारे में निम्न कथनें बनायी गयी

A. छह वल्वा पूर्ववर्ती कोशिकाएं (VPCs) ऐंकर कोशिका के प्रभाव से एक समानक समूह बनाती है।

B. Lin-12 के क्रियात्मकता विलोपित उत्परिवर्ती में, दोनो कोशिकाएं गर्भाशय बन जाती है जबकि क्रियात्मकता लाभान्वित उत्परिवर्ती में दोनों ऐंकर कोशिका बन जाती है।

C. यदि आरम्भिक विकास के दौरान ऐंकर कोशिका नष्ट होता है तो सारे छह VPCs एक बार विभाजित होती है तथा अधस्त्वचा कोशिका के निर्माण में योगदान करती है।

D. ऐंकर कोशिका/अधर गर्भाशय पूर्ववर्ती फैसला नॉच–डेल्टा मध्यस्थ निकटवर्ती कोशिका नियति निर्धारण के रोकने की क्रियाविधि से होता है।

E. ऐंकर कोशिका से स्रावित पैराकाइन कारक प्रत्यक्ष रूप से नॉच–डेल्टा पाथवे को सक्रिय करता है।

निम्न में से कौन सा विकल्प कथनों का सही संयोजन प्रस्तुत करता है ?

1. A, C एवं D
2. A, B एवं D
3. C, D एवं E
4. B, D एवं E

95. Following statements were made regarding vulval development in *Caenorhabditis elegans*:

A. The six vulval precursor cells (VPCs) are influenced by the anchor cell to form an equivalence group.

B. In the loss of function *lin-12* mutants, both cells become uterine whereas in gain of function mutants, both become anchor cell.

C. If the anchor cell is destroyed early in development, all the six VPCs divide once and contribute towards the formation of hypodermal cells.

D. The anchor cell/ventral uterine precursor decision is due to Notch-Delta mediated mechanism of restricting adjacent cell fates.

E. The paracrine factor secreted by the anchor cell directly activates the Notch-delta pathway.

Which one of the following options represents a combination of correct statements?

1. A, C and D
2. A, B and D
3. C, D and E
4. B, D and E

96. नीचे दिए गये कुछ कथनें समुद्री अर्चिन के विकास में डिशएवल्ड (Dsh) एवं β-कैटेनिन (β-cat) की भूमिका के बारे में है।

A. Dsh के निषेचन प्रक्रिया के पूर्व अंडक के अल्पक्रिय वल्कुट में स्थानीयकरित होता है एवं 16-कोशिकीय भ्रूण में प्राय: लघुखण्ड बनने वाले प्रक्षेप में स्थानीयकरित होता है।

B. Dsh का अंड–जनन के दौरान अंडक के कोशिकाद्रव्य में स्थानीयकरित होता है एवं लघुखण्ड में 16-कोशिकीय भ्रूण में कोरकखंड बनाता है।

C. β-cat मुख्यतया लघुखण्ड में एवं अल्प मात्रा में $veg_2$ श्रेणी के कोशिकाओं में एकत्रित होते है।

D. लिथियम क्लोराइड से भ्रूण का उपचार β-cat को कोरक कोशिका के केंद्रक में एकत्रित होने की अनुमति नहीं देता है, एवं फलस्वरूप जन्तु कोशिका अंतर्जनस्तर एवं मध्यजनस्तर में निर्दिष्टित होती है।

E. जब β-cat को केन्द्रक में प्रवेश करने से रोका जाता है, भ्रूण एक रोमक बाह्ययजनस्तरी गेंद जैसा विकसित होता है।

निम्न में से कौन सा विकल्प कथनों का सही सम्मिश्रण प्रस्तुत करता है ?

1. B, C एवं E
2. A, C एवं D
3. A, C एवं E
4. B, D एवं E

96. Given below are few statements regarding the role of Disheveled (Dsh) and β-catenin (β-cat) in the development of sea urchin.

A. Dsh is localized in the vegetal cortex of the oocyte before fertilization and in the region of the 16-cell embryo about to become the micromeres.

B. Dsh is localized in the cytosol of the oocyte during oogenesis and in the micromere forming blastomeres of a 16-cell embryo.

C. β-cat accumulates predominantly in the micromeres and somewhat in the $veg_2$ tier cells.

D. Treatment of embryos with lithium chloride does not allow the accumulation of β-cat in the nuclei of all blastula cells, and the animal cells thus become specified as endoderm and mesoderm.

E. When β-cat is prevented from entering the nucleus, the embryo develops as a ciliated ectodermal ball.

Which one of the following options represents a combination of correct statements?

1. B, C and E
2. A, C and D
3. A, C and E
4. B, D and E

97. सैलामेन्डर के पाद के पुर्नजनन के बारे में निम्न दिए गए कथनों में से कौन सा सही है ?

1. अंगच्छेद के पश्चात एक सामान्य पाद का पूर्नजनन होता है, बिना आक्षेप का कि इसे कोहनी के नीचे से या प्रगंडिका से काटा गया।
2. यह प्रतिपूरक पूर्नजनन प्रक्रिया से होता है एवं इसमें अग्रस्थ बहिर्जनस्तरीय टोपी का निर्माण शमिल नहीं है।
3. पूर्नजनन प्रगुकुल के निर्माण द्वारा होता है जोकि अनिवार्य रूप से अनिर्दिष्ट बहुक्षमता प्रजनक कोशिकाओं से बना हुआ होता है।
4. प्रगुकुल कोशिकाओं के फैलाव में तंत्रिका या तंत्रिका द्वारा स्रावित कारकों की आवश्यकता नहीं होती है।

97. Which one of the following statements regarding limb regeneration in Salamander is correct?
   1. A normal limb is regenerated after amputation, irrespective of whether the cut was made below the elbow or through the humerus.
   2. It occurs by compensatory regeneration and does not include formation of an apical ectodermal cap.
   3. Regeneration occurs through formation of a blastema, which essentially consists of unspecified multipotential progenitor cells.
   4. Proliferation of the blastema cells does not require nerves or factors secreted by the nerves.

98. कायिका से जनन अवस्था में परिवर्तन के दौरान पत्तियों के आकृति में बदलाव देखा जाता है। निम्न कथनें उपरोक्त अवलोकन के बारे में प्रस्तावित किया गया :
   A. जनन अवस्था के पत्तियों के जीन सामग्री में कायिक अवस्था की तुलना में बदलाव।
   B. जीनों के मिथाइलन स्वरूप में अंतर पत्तियों के विकास एवं आकृति को प्रभावित करता है।
   C. अनुलेख कारक में उत्परिवर्तन जोकि इसका जुड़ाव उन जीनों के उन्नायक के प्रक्षेत्र से रोकता है जो पत्तियों के विकास को नियन्त्रित करता है।
   D. सूक्ष्म आर.एन.ए. के द्वारा समापवर्धी जीन अभिव्यक्ति को रोकना।

   निम्न में से कौन सा एक विकल्प सही कथनों के समुच्चय को दर्शाता है जोकि उल्लिखित देखे गए बदलाव का व्याख्या कर सके ?

| | |
|---|---|
| 1. B एवं C | 2. A एवं D |
| 3. B एवं D | 4. A एवं C |

98. Change in leaf morphology is observed during transition from vegetative to reproductive phase in several plants. The following statements are proposed to explain the above observation:
   A. Alteration in the gene content of leaves of reproductive phase from those of vegetative phase.
   B. Differential methylation pattern of genes influencing leaf development and morphology.
   C. Mutation in transcription factor that prevents its association with promoter elements of genes regulating leaf development.
   D. Small RNA mediated inhibition of gene expression of a homeotic gene.

   Which one of the following options represents a correct combination of statements that could explain the observed changes?

| | |
|---|---|
| 1. B and C | 2. A and D |
| 3. B and D | 4. A and C |

99. cAMP संकेतन डिक्टिओस्टीलिएम डिस्कोइडम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इससे सम्बन्धित कुछ कथनें नीचे दिए गए है।
   A. समूहण के समय प्रत्येक अमीबा में cAMP को बनाने, स्वीकार करने एवं प्रसारित करने की सामर्थ्य होती है।
   B. *acb* उत्परिवर्ती सामान्य रूप से विकसित होता है परंतु बनने वाले बीजाणु चिकने एवं अंकुरित होनें में असमर्थ होते है।
   C. *acg* उत्परिवर्ती के द्वारा बनें बीजाणु बीजाणुधानी में ही अंकुरित हो जाते है।
   D. RegA एक कोशिकाबाह्य फास्फोडाइएस्टरेज है।
   E. समूहन के समय cAMP का निरंतर स्रावण नैनोमोलर मात्रा में होता है

   उपरोक्त कथनों का कौन सा समुच्चय सही है?

| | |
|---|---|
| 1. A एवं D | 2. A एवं B |
| 3. A एवं E | 4. B एवं D |

99. cAMP signalling plays a very important role in the development of *Dictyostelium discoideum*. Below are few statements related to it.
   A. Every amoeba at the time of aggregation has the potential to make, receive and relay cAMP.
   B. *acb⁻* mutants develop normally but the spores formed appear glassy and are unable to germinate.

C. The spores formed by the *acg* mutants germinate in the sorus itself.
D. RegA is an extracellular phosphodiesterase.
E. cAMP is continuously secreted in nanomolar amounts during aggregation.

Which combination of the above statements is correct?

1. A and D
2. A and B
3. A and E
4. B and D

100. टोरपीडो, गुर्केन के एक ग्राही के जैसा काम करता है। ड्रोसोफिला में टोरपीडो जीन में त्रुटि भ्रूण में अधरियता का कारण बनता है। एक प्रयोग में प्राकृतिक प्रकार के भ्रूण से जनन कोशिका प्रणेता का प्रतिरोपण ऐसे भ्रूण में किया गया जिसकी माता उत्परिवर्तित टोरपीडो का वहन करती है। साथ ही, विपरीत प्रयोग, जैसे कि टोरपीडो उत्परिवर्तित में से जनन कोशिका प्रणेता का प्रतिरोपण एक प्रकृत प्रकार के भ्रूण में किया गया। टोरपीडो में त्रुटि-युक्त जनन कोशिकाएं जिनका विकास प्रकृत प्रकार के मादा में हुआ सामान्य पृष्ठ अधर अक्ष प्रदर्शित किया, जबकि प्रकृत प्रकार की जनन कोशिकाएं जोकि टोरपीडो में त्रुटि युक्त मादा में विकसित हुआ अधरीय अण्ड में विकसित हुआ।

उपरोक्त प्रयोग पे आधारित एवं कुछ ज्ञात तथ्यों पे आधारित कथनें टोरपीडो के कार्यविधि को समझने के लिए बनाए गये

A. टोरपीडो का युग्मनज योगदान पृष्ठ-अधर अक्ष के विकास के लिए अत्यावश्यक है।
B. टोरपीडो का मातृक योगदान पृष्ठ-अधर अक्ष के विकास के लिए अत्यावश्यक है।
C. चूंकि टोरपीडो गुर्केन का एक ग्राही है एवं फोलिकल कोशिकाएं अंडक के उस अंश को घेरे रखती है जहां गुर्केन की अभिव्यक्ति होती है, ऐसा सम्भव है कि टोरपीडो की अभिव्यक्ति फोलिकल कोशिकाओं में होती है।
D. गुर्केन संकेतन आरंभ में फोलिकल कोशिकाओं को पृष्ठीय करता है, जिसके परिणामस्वरूप एक संकेत भेजता है जोकि अंडक में पृष्ठ-अधर विपरीतता को सुव्यवस्थित करता है।
E. गुर्केन संकेतन आरम्भ में धात्री कोशिकाओं को पृष्ठीय करता है जोकि पृष्ठ-अधर विपरीतता के उत्पत्ति में सहायता करता है।

निम्न दिए गये कथनों का कौन सा समुच्चय सबसे उपयुक्त है ?

1. B, C एवं D
2. A, C एवं D
3. B, C एवं E
4. A, D एवं E

100. Torpedo, is known to serve as a receptor for Gurken. Deficiencies of the *torpedo* gene in *Drosophila* cause ventralization of the embryo. In an experiment, the germ cell precursors from a wild type embryo were transplanted into embryos whose mother carried the *torpedo* mutation. Also, the reverse experiment, i.e., transplantation of germ cell precursors from *torpedo* mutants into wild type embryos was done. The *torpedo* deficient germ cells developed in a wild type female showed normal dorso-ventral axis, while the wild type germ cells developed in a *torpedo* deficient female showed ventralized egg.

Some of the following statements are drawn from the above experiments and some from known facts to understand the functioning of Torpedo.

A. Zygotic contribution of Torpedo is essential for the development of dorso-ventral axis.
B. Maternal contribution of Torpedo is essential for the development of dorso-ventral axis.
C. Since Torpedo is a receptor for Gurken and follicle cells surround the part of the oocyte where Gurken is expressed, it is likely that Torpedo is expressed in follicle cells.
D. Gurken signalling initially dorsalizes the follicle cells, which in turn send signal to organize the dorso-ventral polarity in oocyte.
E. Gurken signalling initially dorsalizes the nurse cells which help in generation of dorso-ventral polarity in oocyte.

Which one of the following combination of statements is most appropriate?

1. B, C and D
2. A, C and D
3. B, C and E
4. A, D and E

101. सामान्य कनकव्वा पौधे (कोमलिना कोम्यूनिस) के अलग किए हुए अधिचर्म के रन्ध्र को लाल रंग के प्रकाश के परिपूर्ण प्रकाशाणु प्रवाह से उपचरित किया गया। एक समानान्तर प्रशोधन में, लाल रंग के प्रकाश से उपचरित रन्ध्रो को नीले प्रकाश से भी प्रकाशित किया गया (तीरांकित)। नीचे दिखाये गये रेखा–चित्र में से रन्ध्र प्रस्फुटन के सही स्वरूप का चुनाव करें (सतत रेखा एवं बिन्दु रेखा क्रमशः लाल एवं नीले प्रकाश में रन्ध्र मुख को दर्शाता है)।




101. Stomata from detached epidermis of common dayflower (*Commelina communis*) were treated with saturating photon fluxes of red light. In a parallel treatment, stomata treated with red light were also illuminated with blue light (indicated by arrow). From the graphs shown below, select the correct pattern of stomata opening (solid lines and dotted lines represent stomatal aperture under red and blue lights, respectively).




102. नीचे दिए गये कुछ कथनें रूबिस्को के सन्दर्भ में है, पौधे के पत्तियों मे प्रमुख प्रोटीन जोकि केल्विन–बेन्सन चक्र के आरंभिक अभिक्रियाओं को उत्प्रेरित करता है।

A. रूबिस्को के आक्सीजिनेस क्रिया के दौरान, $O_2$ का उपयोग एक क्रियाधार के रूप में तीन कार्बन अणु, 3-फास्फोग्लिसरेट एवं दो कार्बन अणु, 2-फास्फोग्लाइकोलेट का उत्पादन करने मे किया जाता है।
B. लाल एवं भूरे शैवाल में, रूबिस्को का बड़ा उपखण्ड हरितलवक में परिसीमित होता है जबकि छोटा उपखण्ड केन्द्रक में परिसीमित होता है।
C. रूबिस्को में बन्ध शर्करा फास्फेट विशेष रूप से ए०टी०पी० अवलम्बित एन्जाइम, रूबिस्को एक्टीवेस द्वारा अलग होता है।
D. रूबिस्को का सक्रिय रूप कार्बोक्सिलीकरण या आक्सीजीनिकरण अभिक्रियाओं को पांच चरणों मे उत्प्रेरित करता है।

निम्न में से कौन सा एक उपरोक्त कथनों का सही समुच्चय है ?

1. A, B एवं C
2. A, B एवं D
3. B, C एवं D
4. A, C एवं D

102. Following are certain statements regarding Rubisco, the predominant protein in plant leaves that catalyzes the initial reaction of the Calvin-Benson cycle.

A. During the oxygenase activity of Rubisco, $O_2$ is used as substrate to produce three-carbon molecule, 3-phosphoglycerate and two-carbon molecule, 2-phosphoglycolate.
B. In red and brown algae, the large subunit of Rubisco is localized in the chloroplast while small subunit is localized in the nucleus.
C. The bound sugar phosphates in Rubisco are specifically removed by an ATP dependent enzyme, Rubisco activase.
D. The active form of Rubisco catalyzes carboxylation or oxygenation reactions in five steps.

Which one of the following combinations of above statements is correct?

1. A, B and C
2. A, B and D
3. B, C and D
4. A, C and D

103. नीचे दिए गये कुछ कथनें पौधे–रोगाणु के अन्योन्यक्रिया के बारे में है:

A. स्वरूप पहचान ग्राही (PRR), रोगाणु जीवाणु–संबद्ध स्वरूपों को (PAPMs/MAMPs) मालूम करने के पश्चात् पौधे की प्रतिरक्षा को सक्रिय करता है, जिसके परिणाम स्वरूप आरम्भित परिरक्षा (PTI) होता है।

B. AvrPto टमाटर के पौधे में एक प्रतिरोधक जीन है जो कि बैक्टीरिया स्यूडोमोनास सिरिन्जी pv. टमाटर के आक्रमण के विरूद्ध कार्य करता है।

C. रोगाणुओं द्वारा उत्पादित प्रभावोत्पादक अणुए पौधों में उपस्थित प्रतिरोधक जीन द्वारा पहचाना जाता है, परिणामी प्रतिरोधक योजना को प्रभावोत्पादक आरम्भित प्रतिरक्षा कहते (ETI) है।

D. PTI के दौरान आरम्भित प्रतिरक्षा कार्यविधि साधारणतया ETI के दौरान होने वाले की तुलना में सशक्त होता है।

निम्न में से कौन सा एक उपरोक्त कथनों का सही समुच्चय है ?

1. A एवं B
2. C एवं D
3. A एवं C
4. B एवं D

103. Given below are certain statements regarding plant-pathogen interactions:

A. The pattern recognition receptor (PRR), upon perceiving pathogen or microbe-associated patterns (PAPMs/MAMPs), activates plant defenses resulting in pattern triggered immunity (PTI).

B. AvrPto is a resistance gene in tomato that acts against pathogenic attack by the bacterium *Pseudomonas syringae* pv. tomato.

C. The effector molecules produced by pathogen is recognized by resistance (R) gene present in plants resulting into a defense strategy known as effector triggered immunity (ETI).

D. Defense mechanisms triggered in plants during PTI are usually stronger than those during ETI.

Which one of the following combinations of above statements is correct?

1. A and B
2. C and D
3. A and C
4. B and D

104. उन कार्यविधि(यों) का चरित्रण करने के लिए जिनसे एराबीडोप्सिस ताप–तनाव को महसूस करने में करता है, वैज्ञानिकों के एक दल ने एक उष्मा प्रघात उन्नायक को लूसीफरेस जीन के साथ जोड़ा। उन्नायक: लूसीफरेस समेकन के साथ पारजीनी पौधा उत्थित किया गया। इस तरह के पौधे ताप–तनाव के दौरान लूसीफरेस का उच्च अभिव्यक्ति दर्शाये, परन्तु बिना तनाव के सामान्य परिस्थिति में कोई अभिव्यक्ति नही दर्शाया। इसके पश्चात इन पारजीनी पौधों को EMS से उत्परिवर्तित किया गया तथा $F_2$ पीढ़ी के बीजों को प्राप्त किया गया। ताप–तनाव के अनुप्रवाह धनात्मक नियन्त्रकों का विश्लेषण करने के लिए, अन्वेषकों को उन नवांकुरो का विश्लेषण करना चाहिए जो

1. ताप–तनाव की उपस्थिति में लूसीफरेस की अभिव्यक्ति करता हो।
2. ताप–तनाव की उपस्थिति में लूसीफरेस की अभिव्यक्ति नहीं करता हो।
3. ताप–तनाव की अनुपस्थिति में लूसीफरेस की अभिव्यक्ति करता हो।
4. ताप–तनाव की अनुपस्थिति में लूसीफरेस की अभिव्यक्ति नहीं करता हो।

104. To characterize the mechanism/s by which heat-stress is perceived in Arabidopsis, a team of researchers fused a Heat Shock promoter with luciferase gene. Transgenic plants having promoter:luciferase fusion were raised. Such plants revealed strong luciferase expression upon heat-stress but they showed no expression under unstressed control condition. Subsequently, these transgenic plants were mutagenized by EMS and seeds from $F_2$ generation were obtained. To analyze the downstream positive regulators of heat-stress, the researchers should analyze seedlings that are

1. expressing luciferase in the presence of heat-stress
2. not expressing luciferase in the presence of heat-stress
3. expressing luciferase in the absence of heat-stress
4. not expressing luciferase in the absence of heat-stress

105. एक आवृतबीजी प्रजाती के दो प्रायः अंतःप्रजात पैतृक वंश P1 एवं P2 का प्रसंकरण $F_1$ बीजों का उत्पादन करने में किया गया, जिनमें भ्रूणपोष की सूत्रगुणता 6N हैं। यदि इन $F_1$ बीजों से उत्पादित पौधों का प्रतीप प्रसंकरण P1 के साथ किया जाए तो कायिक कोशिकाओं की सुत्रगुणता अगले प्रजन्म में क्या होगी ?

1. 2N
2. 4N
3. 5N
4. 6N

105. Two near inbred parental lines P1 and P2 of an angiosperm species are crossed to produce $F_1$ seeds in which, the ploidy of the endosperm is 6N. If plants generated from these $F_1$ seeds are backcrossed with P1, what will be the ploidy of the somatic cells in the next generation?

1. 2N
2. 4N
3. 5N
4. 6N

106. नीचे दिए गए सारणी का कतार I धरातली पौधों मे अंतःकोशिकीय परिवहन के प्रकारों को दर्शाता है एवं कतार II परिवहन मार्गों को दर्शाता है।

| | I | II |
|---|---|---|
| A. | एपोप्लास्टिक | i. अन्तःसम्बन्धित प्लास्माडेस्मेटा से होकर |
| B. | सिमप्लास्टिक | ii. कोशिका भित्ति आव्यूह के जल भरे हुए स्थान से होकर एवं दारू वाहिकीय तत्व के अवकाशिका से होकर |
| C. | पराकोशिका परिवहन | iii. रिक्तिका से होकर टोनोप्लास्ट के आरपार तत्पश्चात प्लाज्मा झिल्ली से होकर बाहर, इससे पहले कि प्लाज्मा झिल्ली से होकर संलग्न कोशिका में पुनः प्रवेश करे। |

नीचे दिया गया कौन सा एक समुच्चय कतार I का मिलान कतार II से सही तरीके से करता है?

1. A-i, B-ii, C-iii
2. A-ii, B-i, C-iii
3. A-iii, B-ii, C-i
4. A-i, B-iii, C-ii

106. The table given below represents the types of intercellular transport in "Column I" in land plants and their transport pathways in "Column II".

| | I | II |
|---|---|---|
| A. | Apoplastic | i. Via interconnecting plasmodesmata. |
| B. | Symplastic | ii. Via the water filled spaces of the cell wall matrices and lumen of xylem tracheary elements. |
| C. | Transcellular transport | iii. Via the vacuole across the tonoplast followed by exit across the plasma membrane before regaining entry to the adjacent cell through the plasma membrane. |

Which one of the following combinations matches column I correctly with column II

1. A-i, B-ii, C-iii
2. A-ii, B-i, C-iii
3. A-iii, B-ii, C-i
4. A-i, B-iii, C-ii

107. मानव लाल रूधिर कोशिका (RBCs) में $Cl^-$ की मात्रा धमनीय रक्त की तुलना में शिरापरक रक्त मे अधिक पाया जाता है। इन पर्यवेक्षण की व्याख्या करने के लिए निम्न प्रस्ताव दिए गयेः

A. शिरापरक प्लाज्मा में उच्च $pCO_2$ की मात्रा RBC में $CO_2$ के अधिक विसरण एवं $H_2CO_3$ के निर्माण की अगुवाई करता हैं

B. शिरापरक रक्त के RBC में $HCO_3^-$ की मात्रा प्लाज्मा की तुलना में अत्यंत बढ़ जाता है।

C. $Na^+ - HCO_3^-$ सिम्पोंटर के माध्यम से अतिरेक $HCO_3^-$ शिरापरक रक्त के RBC को $Na^+$ के साथ त्याग देता है।

D. धमनीय प्लाज्मा में बढ़े हुए $Na^+$ की मात्रा का परिवहन $Cl^-$ के साथ RBC में होता है।

निम्न दिए गये विकल्पों में से गलत कथनों के समुच्चय का चयन करें।

1. A एवं B
2. B एवं C
3. A एवं D
4. C एवं D

107. The $Cl^-$ content of red blood cells (RBCs) in the venous blood was found to be higher than that in arterial blood in a human subject. Following proposals were made to explain these observations:

A. The high $pCO_2$ in venous plasma leads to increased diffusion of $CO_2$ into RBC and the formation of $H_2CO_3$.

B. $HCO_3^-$ content in the RBC of venous blood becomes much greater than that in plasma.

C. The excess $HCO_3^-$ leaves the RBC of venous blood alongwith $Na^+$ to plasma by a $Na^+ - HCO_3^-$ symporter.

D. The increased $Na^+$ in the venous plasma is transported to the RBC along with $Cl^-$

Select the combination with **INCORRECT** statements from the following options.

1. A and B 2. B and C
3. A and D 4. C and D

**108.** मानव के सामान्य इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG) के विभिन्न तरंगो को नीचे दर्शाया गया है




निम्न कथनों में हृदय चक्र की घटनाओं एवं ECG तरंगों के बीच के सम्बन्धों को प्रस्तावित किया गया है।

**A.** P तरंग की उत्पत्ति परिकोष्ठ के विध्रुवण से होती है।

**B.** T तरंग की उत्पत्ति के लिए परिकोष्ठी पुनःध्रुवण उत्तरदायी है।

**C.** निलयी विध्रुवण के दौरान QRS समष्टि का निर्माण होता है।

**B.** Q-T अन्तराल कर्णिक क्रिया विभव के स्थिरांक को दर्शाता है।

निम्न दिए गये विकल्पों में से गलत कथनों के समुच्चय का चयन करें।

1. A एवं B 2. B एवं C
3. C एवं D 4. B एवं D

**108.** The different waves of normal electrocardiogram (ECG) of a human subject are shown below:




The relationship of the events of cardiac cycle to these ECG waves are proposed in the following statements:

A. The P wave occurs due to the depolarization of atria

B. The atrial repolarization is responsible for the T wave

C. The QRS complex occurs during ventricular depolarization

D. Q – T interval indicates plateau portion of auricular action potential

Select the combination with **INCORRECT** statements from the following options:

1. A and B 2. B and C
3. C and D 4. B and D

**109.** दृढ़पक्ष्माभ के विस्थापन के द्वारा होने वाले कर्ण रोम कोशिकाओं के उद्दीपन को निम्न प्रस्तावित कथनों द्वारा वर्णित किया गया है।

A. पारक्रमण प्रक्रिया के लिए दृढ़पक्ष्माभ की लम्बाई में क्रमिक वृद्धि की आवश्यकता होती है।

B. कर्ण रोम कोशिकाओं के झिल्लीविभव में परिवर्तन दृढ़पक्ष्माभ के विस्थापन की दिशा एवं परिमाण के अनुपाती है।

C. अंर्तलसीका में $K^+$ की उच्च सान्द्रता एवं परिलसीका में $Na^+$ की उच्च सान्द्रता की आवश्यकता रोम कोशिकाओं उद्दीपन के लिए नहीं होती है।

D. दृढ़पक्ष्माभ के ऊपर यंत्रवत संवेदनशील धनायन प्रणाल दृढ़पक्ष्माभ के विस्थापन के लिए अनुकूलित नहीं है।

निम्न दिए गये विकल्पों में से गलत कथनों के समुच्चय का चयन करें।

1. A एवं B 2. B एवं C
3. C एवं D 4. A एवं C

109. The excitation of auditory hair cells by the displacement of stereocilia has been explained in the following proposed statements:

A. The gradual increased height of stereo-cilia is required for the transduction process

B. The changes of membrane potential of auditory hair cells are proportional to the direction and magnitude of the displacement of stereocilia

C. The higher concentration of $K^+$ in endolymph and higher concentration of $Na^+$ in perilymph are not required for the excitation of hair cells.

D. The mechanically sensitive cation channels on the top of stereocilia are not adapted to maintain displacement of stereocilia

Select the combination with **INCORRECT** statements from the following options:

1. A and B  2. B and C
3. C and D  4. A and C

110. स्तनधारी मिश्रित तंत्रिका से प्राप्त यौगिक क्रिया विभव शिखर (जैसे कि A, B एवं C) तंत्रिका पर बढते दबाव के साथ परिवर्तित होता है। यौगिक क्रिया में कुछ संभावित परिवर्तनें नीचे निर्दिष्ट किए गये हैं।

A. कम तीव्रता के दबाव से 'A' शिखर अवरोधित होता हैं।

B. उच्च तीव्रता के दबाव से 'C' शिखर अवरोधित होता है।

C. कम तीव्रता के दबाव से 'B' शिखर अवरोधित होता है।

D. कम तीव्रता के दबाव से 'C' शिखर अवरोधित होता है।

E. उच्च तीव्रता के दबाव से 'A' शिखर अवरोधित होता है।

विकल्पों में से सही समुच्चय का चयन करें

1. A एवं B  2. B एवं C
3. C एवं D  4. D एवं E

110. The peaks of the compound action potential (i.e., A, B and C) recorded from a mammalian mixed nerve were affected after application of increasing pressure on the nerve. Some probable changes of compound action are stated below:

A. 'A' peak was inhibited by lower intensity of pressure

B. 'C' peak was inhibited by higher intensity of pressure

C. 'B' peak was inhibited by lower intensity of pressure

D. 'C' peak was inhibited by lower intensity of pressure

E. 'A' peak was inhibited by higher intensity of pressure

Select the option with the combination of CORRECT statements.

1. A and B  2. B and C
3. C and D  4. D and E

111. वृक्क नलिका के अलग भागों (कतार A) तथा नलिका कोशिका के अग्र झिल्ली में $Na^+$ परिवहन की कार्यप्रणाली (कतार B) नीचे सारणीबद्ध किया गया है:

| कतार A | | कतार B | |
|---|---|---|---|
| (a) | समीपस्थ नलिका | (i) | $Na^+$ - $Cl^-$ सिमपोर्टर |
| (b) | हेनल का घना आरोही कुंडली | (ii) | $Na^+$ - चयन प्रणाल (ENaC) द्वारा विसरण |
| (c) | पूर्व दूरस्थ नलिका | (iii) | $Na^+$ - ग्लूकोस सिमपोर्टर |
| (d) | विलंबित दूरस्थ नलिका एवं संग्रह वाहिनी | (iv) | 1 $Na^+$ -1 $K^+$ - 2 $Cl^-$ सिमपोर्टर |

विकल्पों में से सही समुच्चय का चयन करें।

1. a – (iii), b – (iv), c – (i), d – (ii)
2. a – (iv), b – (iii), c – (ii), d – (i)
3. a – (i), b – (ii), c – (iii), d – (iv)
4. a – (ii), b – (i), c – (iv), d – (iii)

111. The different segments of renal tubule (column A) and the mechanism of $Na^+$ transport in the apical membrane of tubular cells (column B) are tabulated below:

| Column A | | Column B | |
|---|---|---|---|
| (a) | Proximal tubule | (i) | $Na^+$ - $Cl^-$ symporter |
| (b) | Thick ascending loop of Henle | (ii) | Diffusion through $Na^+$ - selective channel (ENaC) |
| (c) | Early distal tubule | (iii) | $Na^+$ - glucose symporter |
| (d) | Late distal tubule and collecting duct | (iv) | 1 $Na^+$ -1 $K^+$ - 2 $Cl^-$ Symporter |

Select the option with the correct matches:
1. a – (iii), b – (iv), c – (i), d – (ii)
2. a – (iv), b – (iii), c – (ii), d – (i)
3. a – (i), b – (ii), c – (iii), d – (iv)
4. a – (ii), b – (i), c – (iv), d – (iii)

**112.** नीचे चित्र में मानव में सामान्य लिंग निर्धारण, विभेदन एवं विकास प्रक्रिया को दर्शाया गया है।




A, B, C एवं D की पहचान करें।
1. A = WT1 (विल्म ट्यूमर 1), B = MIS मूलेरियन इनहिबिटरी सब्सटेन्स C =SRY, D = टेस्टोस्टेरान
2. A = GnRH, B = FSH, C = टेस्टोस्टेरान, D = 5α रेडक्टेस
3. A = SRY, B = MIS, C = टेस्टोस्टेरान, D = DHT (डाइहाइड्रोटेस्टोस्टेरान)
4. A = WT1, B = LH, C = ABP (एन्ड्रोजेन बाइन्डिंग प्रोटीन), D = इनहीबिन

**112.** The figure below represents normal sex determination, differentiation and development in humans.




Identify A, B, C and D.

1. A = WT1 (Wilm's Tumor 1), B = MIS (Mullerian Inhibitory Substance), C = SRY, D= Testosterone
2. A = GnRH, B = FSH, C = Testosterone, D = 5α Reductase
3. A = SRY, B = MIS, C = Testosterone, D = DHT (Dihydrotestosterone)
4. A = WT1, B = LH, C = ABP (Androgen Binding Protein), D = Inhibin

**113.** एक अक्षत मादा ड्रोसोफिला का प्रसंकरण प्राकृत प्रकार के नर से कराया गया। प्राप्त संतानों ($F_1$) में निम्न दर्शाये गये चार प्रकार के नर पाये गये।

| लक्षणप्ररूप | श्वेत आंखो वाले | प्राकृत प्रकार | अनुप्रस्थ शिरा रहित | श्वेत आंखो वाले एवं अनुप्रस्त शिरा रहित |
|---|---|---|---|---|
| संख्या | 50 | 3 | 44 | 3 |

ये मानकर कि श्वेत आंख एवं अनुप्रस्थ शिरा रहित उत्परिवर्तन X-जुड़े हुए एवं अप्रभावी है, निम्न कथनें बनायी गई:

A. $F_1$ मादाए भी चार प्रकार की हैं जैसे कि नर
B. श्वेत आंखो एवं अनुप्रस्थ शिरा रहित नर मक्खियों की उत्पत्ति स्वतंत्र.अपव्यूहन के कारण हुआ है।
C. श्वेत आंख एवं अनुप्रस्थ शिरा रहित जीन के बीच की मानचित्र दूरी 12 cM आंका गया है।
D. श्वेत आंख एवं अनुप्रस्थ शिरा रहित जीन के बीच की मानचित्र. दूरी 6 cM आंका गया है।
E. सभी $F_1$ मादाएं प्राकृत प्रकार के होने की अपेक्षित है।
F. $F_1$ प्राकृत प्रकार के नर की उत्पत्ति विनिमय के कारण हुई है।

सही कथनों का समुच्चय है।

1. C, E, F
2. A, B, D
3. A, D, F
4. B, D, E

**113.** A virgin *Drosophila* female was crossed with a wild type male. The $F_1$ progeny obtained had four types of males as shown below.

| Pheno-type | White eyed | Wild type | Cross-veinless | White eyed and crossvein-less |
|---|---|---|---|---|
| Number | 50 | 3 | 44 | 3 |

Assuming that white eye and crossveinless mutations are X-linked and recessive, the following statements were made:

A. $F_1$ females were also of four types as that of males.

B. The white eyed crossveinless male flies appeared due to independent assortment.

C. The map distance between the genes for white eye and crossveinless is estimated to be 12 cM.

D. The map distance between white eye and crossveinless is estimated to be 6 cM.

E. All $F_1$ females are expected to be wild type.

F. The $F_1$ wild type males appeared due to crossing over.

The combination with correct statements is:

1. C, E, F
2. A, B, D
3. A, D, F
4. B, D, E

114. पांच परस्परव्यापी विलोपित स्थानों को ड्रोसोफिला गुणसूत्र पर निम्नानुसार मानचित्रित किया गया।




(उपरोक्त रेखाचित्र में अनुप्रस्थ रेखा विलोपित क्षेत्रों को दर्शाता है)

अनुप्रभावी उत्परिवर्तित a, b, c, d एवं e का इन क्षेत्रों के अन्दर अवस्थित होना विदित है, लेकिन इन गुणसूत्र पर इन उत्परिवर्तनों का क्रम अज्ञात है। जब इन अप्रभावी उत्परिवर्तनों के लिए समयुग्मी मक्खियों का प्रसंकरण विलोपनों के लिए समयुग्मी मक्खियों से किया गया, निम्न परिणाम प्राप्त हुए (अक्षर "m" उत्परिवर्तन लक्षण प्रारूप को दर्शाता है तथा "+" प्राकृत प्रकार को दर्शाता है)

| विलोपन | उत्परिवर्तन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | a | b | c | d | e |
| 1 | + | m | m | m | + |
| 2 | + | + | m | m | + |
| 3 | + | + | + | m | m |
| 4 | m | + | + | + | m |
| 5 | m | + | + | + | m |

उपरोक्त तथ्य के आधर पर, पांचों उत्परिवर्तित जीनों का गुणससूत्र पर अपेक्षित क्रम है:

1. b c d e a
2. a b c d e
3. b c e a d
4. c d b e a

114. The locations of five overlapping deletions have been mapped to a *Drosophila* chromosome as shown below




(Horizontal lines in the above figure indicate the deleted regions)

Recessive mutations a, b, c, d and e are known to be located within this region, but the order of mutations on the chromosome is not known. When the flies homozygous for the recessive mutations are crossed with flies homozygous for the deletions, the following results are obtained (letter "m" represents mutant phenotype and "+" represents the wild type).

| Deletion | Mutation | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | a | b | c | d | e |
| 1 | + | m | m | m | + |
| 2 | + | + | m | m | + |
| 3 | + | + | + | m | m |
| 4 | m | + | + | + | m |
| 5 | m | + | + | + | m |

On the basis of the above data, the relative order of the five mutant genes on the chromosome is

1. b c d e a
2. a b c d e
3. b c e a d
4. c d b e a

115. नीचे दर्शाया गया वंशावली देर से शुरू होने वाले (30 वर्ष के उम्र के पश्चात्) आनुवंशिक रोग जिसका 100% अंतर्वेधन है, के वंशानुक्रम प्रतिरूप का पालन करता है। प्रभावित व्यक्तियों को भरे हुए गोलो (महिला) या भरे हुए वर्ग (पुरूष) से सूचित किया गया है। प्रत्येक व्यक्तियों के DNA का RFLP विश्लेषण निम्न वंशावली के नीचे दर्शाया गया है।




कौन से पौत्र–दौहित्र (IIIb से IIId) 30 वर्ष की उम्र प्राप्त करने के पश्चात रोग से प्रभावित होंगे।

1. केवल IIIb
2. दोनों IIIb एवं IIIc
3. दोनों IIIc एवं IIId
4. दोनों IIIb एवं IIId

115. The pedigree given below follows the inheritance pattern of a late-onset (after age of 30 years) genetic disease that is 100% penetrant. Affected individuals are indicated by a solid circle (woman) or solid square (males). RFLP analysis of DNA from each individual is shown below in the pedigree.




Which grandchildren (IIIb to IIId) will be affected by the disease after attaining the age of 30 years?

1. Only IIIb
2. Both IIIb and IIIc
3. Both IIIc and IIId
4. Both IIIb and IIId

116. एक रसायनज्ञ प्रयोगशाला में तीन नये यौगिको का संश्लेषण किया एवं उनका नामांकरण X, Y एवं Z किया। तीनों यौगिकों का उत्परिवर्तनजनी क्षमता के विश्लेषण के पश्चात एक आनुवंशिकीविद नें देखा कि तीनों अत्यधिक उत्परिवर्तनजनी है। आनुवंशिकीविद ने यह भी परीक्षण किया कि इन यौगिकों के द्वारा प्रेरित किए उत्परिवर्तन को दूसरे ज्ञात उत्परिवर्तजनीओं से व्युत्क्रीत किया जा सकता है, एवं निम्न परिणाम प्राप्त हुआ।

| उत्परिवर्तन इनके द्वारा उत्पादित किया गया | द्वारा व्युत्क्रीत किया गया | | |
|---|---|---|---|
| | नाइट्रस अम्ल | हाइड्रोक्सिल एमीन | एक्रिडिन ओरेन्ज |
| X | हां | थोड़ा | नहीं |
| Y | नहीं | नहीं | नहीं |
| Z | नहीं | नहीं | हां |

ये मानकर कि X, Y एवं Z किसी भी तीनों उत्परिवर्तन प्रकारों समोत्परिवर्तन, विषमोत्परिवर्तन या एकल क्षारक विलोपन को प्रेरित कर सकता है, आप इन यौगिकों द्वारा उत्पादित उत्परिवर्तितों के प्रकृति के बारे में क्या निष्कर्ष निकालेंगे?

1. X विषमोत्परिवर्तन करता है; Y समोत्परिवर्तन करता है; Z एकल क्षारक विलोपन करता है।
2. X समोत्परिवर्तन करता है; Y विषमोत्परिवर्तन करता है; Z एकल क्षारक विलोपन करता है।
3. X समोत्परिवर्तन करता है; Y एकल क्षारक विलोपन करता है; Z विषमोत्परिवर्तन करता है।
4. X विषमोत्परिवर्तन करता है; Y एकल क्षारक विलोपन करता है; Z समोत्परिवर्तन करता है।

116. A chemist synthesizes three new chemical compounds in the laboratory and names them as X, Y and Z. After analysing mutagenic potential of all these compounds, the geneticist observed that all are highly mutagenic. The geneticist also tested the potential of mutations induced by these compounds to be reversed by other known mutagens and obtained the following results.

| Mutations produced by | Reversed by | | |
|---|---|---|---|
| | Nitrous acid | Hydroxylamine | Acridine orange |
| X | Yes | some | No |
| Y | No | No | No |
| Z | No | No | Yes |

Assuming that X, Y and Z caused any of the three types of mutations, transition, transversion or single base deletion, what conclusions can you make about the nature of mutations produced by these compounds?

1. X causes transversion; Y causes transition; Z causes single base deletion
2. X causes transition; Y causes transversion; Z causes single base deletion
3. X causes transition; Y causes single base deletion; Z causes transversion
4. X causes transversion; Y causes single base deletion; Z causes transition

117. एक व्यक्ति में एक प्रतिलोमन विषमयुग्मी अवस्था में है। यह प्रक्षेत्र सामान्य गुणसूत्र पर A,B,C,D,E,F,G द्वारा चिन्हित है, जबकि प्रतिलोमित गुणसूत्र पर यह प्रक्षेत्र a,b,c,d,e,f,g से चिन्हित है। नीचे दिया गया चित्र इन दोनों समजात गुणसूत्रों के युग्मन को अर्धसूत्रण के दौरान दर्शाता है तथा विनिमय स्थान को सूचित करता है।




निम्न कथनें प्रतिलोमन को वर्णित करने के लिए दिए गये है तथा विनियम का नतीजा उपरोक्त चित्र में दर्शाया गया है:

A. यह एक परिकेन्द्री प्रतिलोमन है।
B. विनियम के पश्चात् एवं गुणसूत्रों के अलगाव के उपरान्त यह एक द्विकेन्द्री एवं एक अकेन्द्रीय गुणसूत्र उत्पादित करेगा।
C. विनियम के पश्चात एवं गुणसूत्रों के अलगाव के उपरान्त यह एक एकलकेन्द्री पुनर्योगज गुणसूत्र उत्पादित करेगा।
D. अतः सारे युग्मकों में विलोपन एवं/या द्विगुणन होगा तथा अजीवित होंगे।
E. 50% युग्मकों में पुनर्योगज अर्धसूत्र एवं अजीवित होगें, जबकि 50% युग्मक जिनमें अपुनर्योगज अर्धसूत्र है जीवित रहेंगे।
F. यह एक पराकेन्द्री प्रतिलोमन है।

उपरोक्त कथनों को निम्न दिए गये कौन सा समुच्चय सही ढंग से प्रतिलोमन एंव अर्धसूत्री नतीजों का विवरण देता है ?

1. A, B एवं C
2. A, C एवं E
3. B, E एवं F
4. C, D एवं F

117. An individual is having an inversion in heterozygous condition. The regions on normal chromosome are marked as A,B,C,D,E,F,G while the chromosome having inversion has the regions as a,b,e,d,c,f,g. The diagram given below shows pairing of these two homologuous chromosomes during meiosis and the site of a crossing over is indicated:




The following statements are given to describe the inversion and the consequence of crossing over shown in the above diagram:

A. This is a pericentric inversion
B. This will generate a dicentric and an acentric chromosome following separation of chromosomes after crossing over
C. This will generate two monocentric recombinant chromosomes following separation of chromosomes after crossing over
